CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम: 05°C

मुरादाबाद, गुरुवार 15 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 152 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागत: अखिलेश पेज 2



विराट कोहली वनडे रैंकिंग में फिर से बने नंबर एक खेल टाइम्स



भारतीय सेना युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल सम्पादकीय



लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू व रक्षा मंत्री ने पूर्व सैनिकों को किया सलाम

**नई दिल्ली।** द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस पर देश के पूर्व सैनिकों के बलिदान और त्याग को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में देश के पूर्व सैनिकों की वीरता, समर्पण और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका अटूट साहस हर भारतीय को प्रेरित करता रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के अवसर होते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व सैनिक देश के प्रति गहराई से समर्पित हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर हमारे पूर्व सैनिकों और सेवारत कर्मियों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि कि उनके बलिदान भारत की सीमाओं की जीवित ढाल बनते हैं और देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों, सेवारत कर्मियों और उनके परिवारों की गरिमा और कल्याण के प्रति पूर्ण एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा, ओबीई, भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ की विरासत और उत्कृष्ट सेवा का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। वह 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे।

### सूमाया समूह धोखाधड़ी मामले में 35 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को सूमाया समूह और अन्य से जुड़े एक मामले में 35.22 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की घोषणा की। इन संपत्तियों में बैंक बैलेंस, डीमैट होल्डिंग्स और म्यूचुअल फंड जैसी चल संपत्तियां तथा दो अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की थी, जो वर्ली पुलिस थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई। प्राथमिकी में सूमाया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उसके प्रमोटर्स और अन्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं पर आरोप है कि उन्होंने भविष्य की 'नीड टू फीड' योजना के तहत लाभ दिलाने का झूठा वादा कर लगभग 137 करोड़ रुपये का गबन किया है।

### दिल्ली में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के घर लगी आग

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के यहां स्थित आवास में बुधवार सुबह आग लग गई। श्री प्रसाद राष्ट्रीय राजधानी में मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर कोठी नंबर 21 में रहते हैं। दमकल विभाग के मुताबिक आग घर के एक कमरे में बिस्तर से शुरू हुई। एक अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह आठ बजे घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही हमने दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजे। सुबह 8:30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और स्थानीय पुलिस को भी सूचना दे दी गई है।

# ईरान को तुरंत छोड़ दें भारतीय नागरिक, जरूरी कागजात साथ रखें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक



बदलाव की मांग में बदल चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें। सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और

- **विदेश मंत्रालय ने जारी एडवाइजरी में सतर्क रहने व संवेदनशील इलाकों से दूर रहने की सलाह दी**
- **भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं**

पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था।

### दिल्ली धमाका केस: 5 आरोपियों की तीन दिन की NIA रिमांड

**नई दिल्ली।** दिल्ली बम धमाका मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस कोर्ट ने डा. शाहीन सईद की 3 दिन की कस्टडी एनआईए को मंजूर कर दी है। इससे पहले उन्हें पिछले महीने न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अदालत ने मुफ्ती इरफान अहमद, जासिर बिलाल वानी, डा. आदिल अहमद और डा. मुजम्मिल शकील की भी तीन दिन की कस्टडी एनआईए को दी है। सभी आरोपियों को 16 जनवरी को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है।

# आईपीएसी रेड: TMC की याचिका खारिज

**जांच एजेंसी के वकील एएसजी राजू ने कोर्ट में ऑन रिकॉर्ड कहा: एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया**

**जब सरकार कह रही है, कुछ भी जब्त नहीं हुआ, तो अब मामले में कुछ बचता ही नहीं: कलकत्ता हाईकोर्ट**

**कोलकाता, वार्ता**

**कलकत्ता हाईकोर्ट** ने आईपीएसी रेड मामले में बुधवार को टीएमसी की याचिका खारिज कर दी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि जांच एजेंसी (ईडी) ने 8 जनवरी को आईपीएसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के ऑफिस पर रेड मारकर कुछ कागजात जब्त किए थे।

इस पर जांच एजेंसी के वकील एएसजी राजू ने ऑन रिकॉर्ड कहा कि एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि जब ईडी ने कुछ भी जब्त न करने की बात की है, तो अब इस मामले पर सुनवाई के लिए कुछ नहीं बचता है। याचिका को खारिज किया जाता है। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश एएसजी राजू ने कहा कि अगर कोई रिकॉर्ड जब्त किया गया है तो वह एजेंसी ने नहीं, बल्कि ममता बनर्जी ने किया है। ममता अपने साथ गैरकानूनी तरीके से फाइलें ले गई थीं।



- **कोर्ट ने कहा: इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिका लगाई जा चुकी है**



हाईकोर्ट ने ईडी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई भी टाल दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिका लगाई जा चुकी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सुनवाई होगी। ईडी ने दलील दी कि इस मामले में आई-पीएसी के सह-संस्थापक प्रतीक जैन को खुद याचिका दायर करनी चाहिए थी। टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) के कौन-से अधिकार का उल्लंघन हुआ है? उनका कहना था कि यह रिट याचिका सिर्फ चुनाव, चुनाव और चुनाव की बात करती है, लेकिन कहीं यह नहीं बताती कि किसी अधिकार का हनन कैसे हुआ। वकील ने कहा कि अगर आई-पीएसी ऑफिस से कोई डेटा जब्त किया गया है, तो उसका याचिकाकर्ता से सीधा संबंध कैसे बनता है, यह भी साफ नहीं किया गया है। टीएमसी पार्टी की तरफ से पेश वकील गुरुस्वामी बोले कि हमारी याचिका सिर्फ एक सीमित मुद्दे पर है। पार्टी का निजी राजनीतिक डेटा सुरक्षित रहे। किसी राजनीतिक पार्टी को डराना या दबाव में लेना ठीक नहीं है, खासकर तब जब पार्टी ने यह याचिका इस डर से दायर की कि उसके 6 साल पुराने राजनीतिक सलाहकार (कंसल्टेंट) के दफ्तर से उसका डेटा लिया जा सकता है। गुरुस्वामी बोले कि राज्य चुनाव से कुछ महीने पहले राजनीतिक सलाहकार के ऑफिस पर छापा पड़ना संदेह पैदा करता है। अगर एएसजी राजू यह कह रहे हैं कि ईडी ने कुछ भी जब्त नहीं किया, तो इस बात को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए और इसी आधार पर याचिका का निपटारा कर दिया जाए। ईडी की तरफ से सरकार का पक्ष रख रहे एएसजी राजू ने कहा कि अगर कोई रिकॉर्ड जब्त किया गया है, तो वह ईडी (ईडी) ने नहीं, बल्कि ममता बनर्जी ने किया है।

# यूपी के 19 शहरों का टेम्परेचर शिमला से कम

## सबसे कम टेम्परेचर 2.1 डिग्री मुजफ्फरनगर का रहा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को तेज सर्दी का असर रहा। राज्य के 19 शहरों का मिनिमम टेम्परेचर शिमला (6.6 डिग्री सेल्सियस) से कम रहा। सबसे कम टेम्परेचर 2.1 डिग्री सेल्सियस मुजफ्फरनगर का रहा। मेरठ-सम्भल समेत 25 जिलों में घना कोहरा छाया है। बिजनौर में बस पलटने से 38 यात्री घायल हुए हैं।

हरियाणा में बुधवार को सीवियर कोल्डवेव का ऑरेंज अलर्ट रहा। 14 जिलों में तेज सर्दी का ऑरेंज अलर्ट है। बाकी जिलों में घना कोहरा और कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। पिछले 24 घंटों में हरियाणा का अधिकतम टेम्परेचर 3.8 डिग्री सेल्सियस गिरा है। करनाल में तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 5 जिलों में सर्दी का येलो अलर्ट है। शुक्रवार से प्रदेश का मौसम साफ रहेगा। कोल्डवेव से भी राहत मिलेगी। मंगलवार को राज्य में अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। गंगानगर, हनुमानगढ़ को छोड़कर



- **मेरठ-सम्भल समेत 25 जिलों में घना कोहरा छाया**

बाकी जिलों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस-27डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। बिहार के 18 जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सबसे कम भागलपुर के सबौर में 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड में पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में झरने जम गए हैं। तापमान भी माइनस 16 डिग्री सेल्सियस है।

### कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ा, शोपियां सबसे ठंडा रहा

**श्रीनगर।** कश्मीर में पिछली रात ज्यादातर जगहों पर न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई और शोपियां घाटी -7.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा इलाका रहा। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में न्यूनतम तापमान -7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरा इलाका भीषण ठंड की चपेट में रहा, जबकि कुपवाड़ा और पहलगाम में न्यूनतम तापमान क्रमशः -6.2 डिग्री सेल्सियस और -6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान -3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान -2.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### दिल्ली-एनसीआर में ठिठुरन बढ़ी, जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के इलाकों में बुधवार सुबह भीषण शीतलहर और अचानक छाए घने कोहरे के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री रहने के साथ भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह के समय दिल्ली-एनसीआर में कोहरे की घनी चादर छाई रही। कोहरे के कारण दृश्यता में कमी देखी गई। दिल्ली एयरपोर्ट ने कम दृश्यता को लेकर परामर्श जारी किया और यात्रियों को उड़ान की जानकारी के लिए अपनी एयरलाइन कंपनियों से संपर्क करने की सलाह दी, हालांकि विमानों का संचालन सामान्य रहा।

# नशे में थे जुबीन गर्ग, लाइफ जैकेट पहनने से कर दिया था इन्कार

**सिंगापुर।** मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला अभी भी सुलझा नहीं है। अब इस मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। सिंगर की मौत सिंगापुर में हुई थी।

अब सिंगापुर की एक अदालत को मुख्य जांच अधिकारी की ओर से बुधवार को बताया गया कि जुबीन गर्ग पिछले सितम्बर में लाजरस द्वीप के पास अत्यधिक नशे में थे और लाइफ जैकेट पहनने से इन्कार करने के बाद डूब गए थे। मुख्य जांच अधिकारी ने अदालत को जांच की शुरुआत में बताया कि गायक ने पहले लाइफ जैकेट पहनी

- **सिंगापुर की अदालत में जांच अधिकारी का दावा**

थी, लेकिन बाद में उसे उतार दिया और फिर उन्हें दी गई दूसरी लाइफ जैकेट पहनने से भी इन्कार कर दिया। उस समय जुबीन गर्ग अत्यधिक नशे में थे और कई गवाहों ने उन्हें नौका की ओर वापस तैरने की कोशिश करते देखा। जब वे बेहोश हो गए और उनका चेहरा पानी में डूब गया। गर्ग को तुरंत नौका पर वापस लाया गया और उन्हें सीपीआर दिया गया, लेकिन उसी दिन बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# थोक मुद्रास्फीति की दर दिसम्बर में बढ़कर 0.83 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से दिसम्बर 2025 में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। सितम्बर 2025 के बाद तीन महीने में पहली बार थोक महंगाई की दर शून्य से ऊपर रही है। इससे पहले नवम्बर में यह शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे थी। वहीं दिसम्बर 2024 में यह 2.57 प्रतिशत रही थी। खाद्य पदार्थों की थोक महंगाई दर गत दिसम्बर में शून्य रही। यह नवम्बर में शून्य से 2.6 प्रतिशत नीचे रही थी।

दिसम्बर में सालाना आधार पर आलू, प्याज और दालों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। प्याज 54.4 प्रतिशत, आलू 38.21 प्रतिशत और दालें 13.88 प्रतिशत सस्ती हुई।



- **सालाना आधार पर आलू, प्याज और दालों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई**

सब्जियों के दाम भी 3.5 प्रतिशत घटे। वहीं, दूध के दाम 3.23 फीसदी और अंडे, मांस और मछलियों के 1.14 प्रतिशत बढ़े।

# अमेरिका को पछाड़ दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनेगा भारत

**मुंबई, वार्ता**

**भारत का सौर** ऊर्जा क्षमता निर्माण बाजार 2026 में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बन जाएगा। वैश्विक जिंस बाजार अनुसंधान फर्म ब्लूमबर्गएनईएफ (बीएनईएफ) की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लगता है लेकिन 2024 में नीलाम कई परियोजनाओं को अब भी बिजली के खरीदारों का इंतजार है, जो लक्ष्य की राह में एक जोखिम है। इसमें सौर ऊर्जा मॉड्यूल की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से अधिक हो चुकी है। इसके साथ ही इनके निर्माण में कुछ कच्चे माल और हिस्से पुर्जों



के लिए आयात निर्भरता बनी हुई है। बीएनईएफ की ओर से मीडिया को उपलब्ध कराई गई इस रिपोर्ट के सारांश में कहा गया है कि इस वर्ष चीन की धीमी गति पड़ेगी और इससे पहली बार वैश्विक सोलर निर्माण में कुल मिला कर कमी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सौर निर्माण बाजार में तेज गिरावट दिख रही है और 2026 में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनने के लिए तैयार है। अमेरिका में गिरावट के बीच सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन (स्थापना) में नाम मात्र की वृद्धि जारी है। बीएनईएफ के अनुमान के अनुसार भारत में सौर बिजली क्षमता निर्माण छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50,000 मेगावाट से थोड़ा अधिक रहेगा। देश में अधिकांश नई क्षमता बड़ी

- **बीएनईएफ ने एक रिपोर्ट में दी जानकारी**
- **भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य**

परियोजनाओं के माध्यम बनेगी। इसके अलावा सरकारी सब्सिडी से आवासीय रूफटॉप सौर प्रणाली को बढ़ावा मिल रहा है। अमेरिका में जनकल्याण योजनाओं पर सब्सिडी की कटौती वाले 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' के कारण इस साल वहां सौर बिजली स्थापना में 14 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। इस विधेयक के अंतर्गत अमेरिका में नए वर्ष में शुरू होने वाली परियोजनाओं को कम लाभ के लिए विदेशी संस्था से संबंधित नियमों का पालन करना होगा, जिससे परियोजना विकास करने वाली कंपनियों के लिए एक और बाधा पैदा होगी। इससे अमेरिका सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण में भारत से पीछे आ जाएगा, जबकि वह 2019 से लगातार दूसरे स्थान पर था। चीन वार्षिक वृद्धि में अपेक्षित गिरावट के बावजूद, काफी बड़े अंतर से दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बना हुआ है।

# पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया है। श्री सिंह ने10 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक दिवस समारोह में हिस्सा लिया।

इस मौके पर रैलियां, पुष्पांजलि अर्पण समारोह, शिकायत निवारण काउंटर तथा सहायता एवं सुविधा डेस्क लगाए गए। मुख्य समारोह दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में हुआ जिसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगभग 2500 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिक दिवस समारोह में लिया हिस्सा**

अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने पूर्व सैनिकों से युवाओं का मार्गदर्शन करने, अग्निवीरों और युवा सैनिकों को सही दिशा देने, आपात स्थितियों में नागरिक प्रशासन का सहयोग करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में चार लड़कों की तालाब में डूबने से मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दो सगे भाई समेत चार लड़कों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार शाम को चारों तालाब के पास खेल रहे थे। उसके बाद काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह चारों के शव तालाब में तैरते हुए नजर आए। हादसा पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर के पास कुसुआ गांव में हुआ है। मृतकों में तीन नाबालिग और एक 19 वर्षीय लड़का है। पुलिस ने कहा कि मृतकों की शिनाख्त 19 साल के करन पुत्र राजेश, 10 साल के प्रियांशु पुत्र संजीव और दो सगे भाई 10 साल का प्रिंस और 13 साल के प्रतीक के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रो के अनुसार वे कल शाम खेलते खेलते तालाब की तरफ गए और उसके बाद चारों तालाब में नहाने लगे, जिसके बाद वो सभी एक साथ गहरे पानी में चले गए और डूब जाने के बाद सभी की मौत हो गई। चारों की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

### श्रद्धालुओं ने लगाई संगम घाटों पर आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम की रेती पर आयोजित हो रहे माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के पहले संगम तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। एकादशी के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। एकादशी के पर्व पर सुबह 6:00 तक 9:30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा ली है। मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय के मुता. बिक मकर संक्रांति पर्व दो दिन स्नान की परंपरा रही है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर ने बरपाया कहर

## वेस्ट यूपी के कई जिलों में तापमान और अधिक गिरा, लोग थर्राये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की। शहर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो चार जनवरी को दर्ज छह डिग्री सेल्सियस के पिछले न्यूनतम स्तर से 0.4 डिग्री कम है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान और अधिक गिर गया। मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह सामान्य से 3.5 डिग्री कम है और बीते दो वर्षों में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है। मेरठ में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री (सामान्य से 3.4 डिग्री कम), बरेली में तीन डिग्री, कानपुर शहर में चार डिग्री और हरदोई में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर और पाला पड़ने की स्थिति बनी हुई है, हालांकि दिन में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बुधवार और गुरुवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर का असर बना रहेगा। लखनऊ में आज अधिकतम तापमान लगभग 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी हो गई है, जिससे बीते 48 घंटों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन और रात के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इसके कारण पश्चिमी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री से नीचे चला गया, जिससे मेरठ, मुजफ्फरनगर और बरेली में शीतलहर की स्थिति बनी। आगामी 48 घंटों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने का कोई नहीं अनुमान नहीं है। आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और रोहिलखंड मंडल के कुछ हिस्सों में शीतलहर और पाले का असर जारी रह सकता है।

# युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेगी: जनरल द्विवेदी

**नई दिल्ली, वार्ता**



सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से अनुशासन तथा समर्पण के साथ देश सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विक. सित भारत का निर्माण करेगी।

जनरल द्विवेदी ने बुधवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के कथन का हवाला दिया और युवाओं को 'नए भारत का चेहरा' बताया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे सशक्त जनसांख्यिकी शक्ति हैं, जो अनुशासन, उद्देश्य और प्रतिबद्धता के माध्यम से राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिदूर के दौरान कैडेटों के योगदान को भारत की दृढ़ता का प्रतीक बताया। इस अभियान के दौरान देशभर में 75,000 से अधिक एनसीसी कैडेट ने नागरिक सुरक्षा, अस्पताल प्रबंधन, राहत सामग्री वितरण और सामुदायिक सेवा में स्वेच्छा से योगदान दिया। आधुनिक. ीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कैडेट प्रशिक्षण में शामिल नए उपायों की सराहना की, जिनमें ड्रोन प्रशिक्षण की शुरुआत, पुणीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और स्वच्छ भारत अभियान जैसे राष्ट्रीय अभियानों में भागीदारी शामिल है। उन्होंने बताया कि युवा आपदा मित्र योजना के तहत 28 राज्यों के 315 जिलों में 94,400 कैडेट्स को आपदा तैयारी का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त 35,000 से अधिक कैडेट ने देशभर में सेना की इकाइयों और सैन्य अस्पतालों के साथ प्रशिक्षण हासिल किया है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि एनसीसी सशस्त्र बलों में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है और इस वर्ष 150 से अधिक कैडेट का सैन्य प्रशिक्षण अकादमियों में चयन हुआ है।

# संभल फायरिंग में उत्तर प्रदेश सरकार का झूठ उजागर हुआ: भाकपा

**लखनऊ, वार्ता**

■ सीओ अनुज, कोतवाल सहित 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश को मुद्दा बनाया

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने बुधवार को कहा कि संभल में 24 नवम्बर 2024 को हुई हिंसा में अदालत ने तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी, कोतवाल सहित 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, जिससे प्रदेश सरकार का झूठ उजागर हुआ है।

पार्ट के कार्यकारी राज्य सचिव ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि कोर्ट के फैसले से यह पुख्ता हुआ है कि संभल हिसा राज्य प्रायोजित थी। संभल की शाही जामा मस्जिद को 'हरिहर मंदिर' बताकर विवाद खघ करने के प्रकरण में पांच मुस्लिम युवक मारे गए थे। सभी को गोली लगी थी, लेकिन पुलिस ने खुद की गोली से मौतें होने से इनकार किया था। राज्य सरकार ने भी पुलिस की बात को ही दोहराया था। उल्टे आरोप प्रदर्शनकारियों पर ही मढ़ दिया गया था कि उन्हीं की ओर से चलाई गई गोली से मौतें हुईं। पुलिस जांच में पुलिसकर्मियों को क्लीन चिट दी गई थी। कुशवाहा ने कहा कि संभल की सीजेएम कोर्ट द्वारा एक मृतक लघ्के के पिता की याचिका पर सुनवाई के बाद मंगलवार को दिए फैसले से स्पष्ट हो गया कि पुलिस और सरकार द्वारा स्थापित किए गए आख्यान में सच को छुपाया गया। मामले की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग ने भी झूठ नहीं पकघ। कोर्ट ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन संभल पुलिस अधीक्षक का यह कथन की उच्चतर न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपील होने तक एफआईआर नहीं दर्ज की जाएगी, न्यायपालिका की अवहेलना है।

## 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ: कांग्रेस

# पीएम मोदी ने बर्बाद कर दी देश की अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।**



■ चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपये के मुकाबले बेहतर रहा है, डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट दर्ज

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि उनकी गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई है और यही वजह है कि 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ है।

कांग्रेस ने कहा कि एशिया की बाकी करेंसी के मुकाबले रुपया सबसे ज्यादा गिरा है, जबकि चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपये के मुकाबले बेहतर रहा है। पार्टी का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह हमारी साख का भी सवाल बन गया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पेज पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी बना रुपया और 2025 में रुपये ने एशिया के देशों की बाकी करेंसी के मुकाबले सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की है। जहां डॉलर के मुकाबले रुपया 6.03 प्रतिशत कमजोर हुआ, वहीं चीनी युआन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पार्टी ने कहा कि रुपये में ऐसी रिकॉर्ड गिरावट- न सिर्फ हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। पार्टी ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए कहा कि श्री मोदी देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष, उत्तरायण और मकरविलक्कु पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा कि जीवंत फसल परंपराओं को एकजुट होकर मनाने के इस पर्व पर कामना है कि वातावरण कृतज्ञता, आनंद और एकता से भरा हो। इस पर्व पर हम सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कु के उत्सव सभी के लिए असीम खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और स्थाई समृद्धि लेकर आएं। गांधी ने कहा कि मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कु की शुभकामनाएं।

### भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागत: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और उसके संगी-साथी स्वदेशी का नारा लगाते-लगाते अब परदेसी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कल तक चीन से आयात और चीनी सामान के बहिष्कार की बातें कर रहे थे, वही आज खुलेआम उसका स्वागत कर रहे हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के वैचारिक उस्ताद पड़ोसी देश से एकदलीय व्यवस्था का 'मास्टर क्लास' ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्तर तक अब मुलाक. ात पहुंच गई है, उससे साफ है कि इसकी तैयारी कई वर्षों से चल रही थी। ऐसे में बहिष्कार का यह सारा ड्रामा केवल समर्थकों की आंखों में धूल झोंकने के लिए किया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा समर्थक, जो चीनी सामान के बहिष्कार के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रहे थे। आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।



**सेंसेक्स** 83382.71
**निफ्टी** 25665.60



**सोना रु.** 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 254620
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 244.98 अंक (0.29 प्रतिशत) गिरकर 83,382.71 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 66.70 अंक यानी 0.26 प्रतिशत उतरकर 25,665.60 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का 07 नवम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 83,809.98 अंक और नीचे 83,185.20 अंक तक गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.12 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों पर दबाव अधिक रहा। वहीं धातु और सार्वजनिक बैंकिंग सेक्टरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स और टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटा। मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। एलएंडटी, इंडिगो, टाइटन, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक तेजी दर्ज की गई। एनटीपीसी का शेयर भी करीब सवा तीन प्रतिशत और एक्सिस बैंक का लगभग तीन प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और बीईएल के शेयर एक फीसदी से ज्यादा चढ़े। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी हरे निशान में बंद हुआ।

# चांदी तीन दिन में 34 हजार रुपये बढ़ी, सोना 1.42 लाख रुपये के ऑल टाइम हाई पर

मुंबई। सोने-चांदी के दाम 14 जनवरी को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 14,145 रुपये बढ़कर 2,77,175 रुपये हो गई है। कल इसने 2,63,032 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। तीन दिन में चांदी 34 हजार रुपये से ज्यादा महंगी हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,868 रुपये बढ़कर 1,42,152 रुपये के ऑल टाइम हाई पर ओपन हुआ है। कल इसकी कीमत 1,40,482 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेर्. कंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बान्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो 31 दिसम्बर 2025 को 1,33,195 रुपये हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपये बढ़ा। 31 दिसम्बर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपये प्रति किलो हो गई। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कास्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी के दाम बढ़े दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुत्नावार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी रही। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 50 रुपये घटकर 3,814 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 22 रुपये महंगा हुआ और 2,885 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 16 रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 27 रुपये और तुअर दाल तीन रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं, उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मसूर दाल की 16 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,043 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत चढ़कर 50.53 डॉलर प्रति सैकड़ा पाउंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 14 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। मूंगफली तेल के दाम 104 रुपये और सूरजमुखी तेल के 83 रुपये बढ़े। वनस्पति में 67 रुपये और पाम ऑयल में 51 रुपये प्रति क्विटंल का उछाल आया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग गत दिवस के अवसर पर टिके रहे। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल.दलहन : दाल चना 7767.81 रुपये, मसूर काली 8169.67 रुपये, मूंग दाल 10117.83 रुपये, उड़द दाल 10441.82 रुपये, तुअर दाल 10613.64 रुपये प्रति क्विटंल।

अनाज : द्धभाव प्रति क्विटंलऋ गेहूं दड़ा 2885.38 रुपये और चावल 3813.60 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंऋ 3325.26 रुपये प्रति क्विटंल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4310.57 रुपये और गुड़ 5010.59 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

# पाटिल ने नमामि गंगा मिशन के तहत की डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा है कि सरकार नदियों को केवल जलमार्ग के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-सहायक पारिस्थितिकी के रूप में संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और नदी स्वास्थ्य का सच्चा सूचक जलीय जैव विविधता का फलना-फूलना है।

पाटिल ने बुधवार को उत्तराखंड के देहरादून में भारतीय वन्यजीव संस्थान में नमामि गंगा मिशन के तहत कई महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया। उन्होंने गंगा नदी में जैव विविधता संरक्षण के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत अब न केवल अपनी नदियों को साफ करने बल्कि उनकी जैव विविधता, जलीय जीवन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं कि आने वाली पीढ़ियां को एक स्वस्थ, संतुलित और जीवनदाई नदी प्रणाली विरासत में मिले। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान डॉल्फिन रेस्क्यू एम्बुलेंस का उद्घाटन भी किया और कहा कि इससे डॉल्फिन संरक्षण के लिए जारी प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। यह एम्बुलेंस गंगा डॉल्फिनों के लिए शीघ्र, संवेदनशील और वैज्ञानिक रूप से सुसज्जित जीवन रक्षक सहायता प्रदान करेगी। डॉल्फिन नदी के स्वास्थ्य का एक संवेदनशील संकेतक है और एम्बुलेंस डॉल्फिन संरक्षण और बचाव का एक बड़ा प्रयास है। पाटिल ने इस दौरान वर्ल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के शोधकर्ताओं और एमएससी छात्रों से भी बातचीत की। नमामि गंगा कार्यक्रम के तत्वावधान में संस्थान ने मीठे जल के संरक्षण में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें छात्रों को विज्ञान, क्षेत्र कार्य और नीतिगत अध्ययनों के माध्यम से भारत की नदियों, आर्द्रभूमि और मीठे जल के पारिस्थितिकी तंत्र को समझने और संरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

### भाजपा ने केरल सरकार पर 'हिंदू विरोधी' होने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को केरल की वामपंथी सरकार पर 'हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया। यह आरोप केरल के राजस्व अधिकारियों द्वारा तिरुनावाया में आगामी 'महा माघ' उत्सव के लिए एक अस्थाई पुल के निर्माण को रोकने का आदेश जारी करने के बाद लगाया गया है। पूनावाला ने कहा कि उत्सव के लिए आवश्यक पुल के काम को रोकना इस आयोजन को जानबूझकर बाधित करने की एक कोशिश है।

### भाजपा ने राहुल के अस्मिता के आरोप को तथ्यों से परे बताया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तमिल आवाज दबाने के आरोप को सिरे से नकारते हुए इसे तथ्यहीन और बेबुनियाद करार दिया। भाजपा प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के बयान को शर्मनाक बताते हुए इसे तर्कहीन और वास्तविकता से परे कहा। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में तमिल भाषा, संस्कृति और अस्मिता के प्रति जिस स्तर की संवेदनशीलता और सम्मान दिखाया है, वैसा भारत के इतिहास में पहले कभी देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब तमिल भाषा और तमिल संस्कृति को न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी गौरव और सम्मान के साथ प्रस्तुत किया गया है। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक मंचों पर तमिल भाषा, तमिल साहित्य और तमिल विरासत की पहचान को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है।

# सरकार ने शुरू कर दी है अरावली ग्रीन वॉल परियोजना: भूपेंद्र यादव

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ इस पहल के तहत अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि सरकार ने संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम (यूएनसीसीडी) सम्मेलन के तहत भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए अरावली ग्रीन वॉल परियोजना शुरू की है। यादव ने बुधवार को यहां कहा कि इस पहल के तहत, अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई है।

इस काम में 29 अरावली जिलों के प्रभागीय वन अधिकारी शुष्क और अर्ध-शुष्क परिस्थितियों के अनुकूल देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण परियोजना को कार्यान्वित कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि आज दिल्ली में संकला फाउंडेशन द्वारा आयोजित अरावली परिदृश्य के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संकला फाउंडेशन द्वारा बनाई गई 'इको-रिस्टोरेशन ऑफ द अरावली लैंडस्केप' रिपोर्ट का विमोचन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम 'अरावली ग्रीन वाल' प्रोजेक्ट पर पूरी संकल्पशक्ति से काम कर रहे हैं। अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत क्षेत्र में 64.5 लाख हेक्टेयर बेकार भूमि की पहचान की गई है, जिनमें से गुजरात, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में 27 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में हरितकरण का कार्य शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अरावली की 97 वर्ग किलोमीटर राजस्व भूमि हरियाणा में नौरंगपुर से नूंह तक फैली है और यह बेकार हो चुकी है, जिसकी वनीकरण के लिए पहचान की गई है और बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के लिए इसे हरियाणा सरकार ने संरक्षित वन भी घोषित कर दिया है। यादव ने इसे अरावली की रक्षा और संवर्धन के लिए आजादी के बाद का एक प्रमुख नीतिगत हस्तक्षेप बताया और कहा कि मोदी के दृष्टिकोण और हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सक्रिय समर्थन से यह संभव हुआ है। इस क्षेत्र के पारिस्थितिकी और ऐतिहा. सिक महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है और इसने हजारों वर्षों से मानव सभ्यता को आश्रय दिया है।

# अनियंत्रित कार तालाब में गिरी

## तीर्थयात्रा कर लौट रहे कार में बैठे सभी यात्री चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब घने कोहरे के कारण हरिद्वार से तीर्थ यात्रा कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर ग्राम भवानीपुर उर्फ जिक्रीवाला के समीप तालाब में जा गिरी।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज प्रात: हल्द्वानी (उत्तराखंड) निवासी देव सिंह, कमलेश सिंह, मोहनी और मुन्नी रावत हरिद्वार से तीर्थ यात्रा कर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार राष्ट्रीय राजमार्ग 734 शिवपुरी मोड़ के पास ग्राम जिक्रीवाला के समीप पहुंची, तो घने कोहरे के कारण अचानक कार का संतुलन बिगड़ने से कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। कार में सवार श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। टांडा बैरागी निवासी सागर कुमार जिक्रीवाला से बैलगाड़ी द्वारा रेत डालकर अपने ग्राम लौट रहा था।





उसने साहस का परिचय देते हुए शोर मचाकर सलीम उर्फ मोनू, सूफियाना आदि ग्रामीणों को बुला लिया। सभी ग्रामीण तालाब में उतर गए और रस्सियों की मदद से महिलाओं सहित कार में सवार चारों यात्रियों को सुरक्षित कार से बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों ने क्रेन की सहायता से कार को भी तालाब से बाहर निकाला। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार सभी यात्री चोटिल हो गए। ग्रामीणों की तत्परता और साहस से एक बड़ा हादसा टल गया। जिससे क्षेत्र में उनकी काफी सराहना की जा रही है। स्क्रैप व्यापारी मौहम्मद अशरफ ने बताया कि इंसा. नियत अभी जिन्दा है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना के समय जिक्रीवाला के ग्रामीण बिना किसी भेदभाव के सहायता के लिए दौड़ पड़ते हैं।

हल्का चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनवीर सिंह ने बताया कि हादसा कोहरे के कारण हुआ । श्रद्धालु बिना किसी कार्रवाई के गंतव्य को रवाना हो गए हैं।

# अवैध हथियारों संग वीडियो वायरल, दो युवक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों के साथ दो युवकों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

इस वीडियो में दोनों युवक खुलेआम हथियार लहराते हुए दिखाई दे रहे थे, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और क्षेत्र में दहशत फैलने की आशंका जताई गई। वीडियो का संज्ञान लेते ही नगीना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों की पहचान कर उन्हें मय हथियार गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया और अवैध हथियारों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए दो अभियुक्तों रोबिन कुमार पुत्र लेखराज सिंह व अश्मनी कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासीगण ग्राम बेगमपुर हर्रे उर्फ हुरनंगला को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से दो अवैध शस्त्र, जिनमें एक तमंचा 315 बोर एवं एक तमंचा 12 बोर बरामद किए गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवएस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### घायल युवक की उपचार के दौरान मौत



**नहटौर।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए तीन युवकों में से उपचार के दौरान एक और युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त समाचार के अनुसार 27 दिसंबर की शाम ग्राम दबखेड़ी निवासी प्रिंस पुत्र ऋषिपाल सिंह, चमन पुत्र संतराम सिंह अपने रिश्तेदार ग्राम सिंगा गोयली निवासी विकास के साथ बाइक द्वारा नहटौर से अपने घर दबखेड़ी जा रहे थे। ग्राम खंडसाल के निकट उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आने से तीनों घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया था। उपचार के दौरान विकास की मौत हो गई थी। प्रिंस की भी उपचार के दौरान 17 दिन बाद मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि प्रिंस के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### मिल के सेंटर पर घटतौली पकड़ी



**रेहड़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने केहरीपुर जंगल द्वारिकेश शुगर मिल के सेंटर पर घटतौली पकड़ी और सेंटर इंचार्ज को तुरन्त स्थानांतरित करने की चेतावनी देते हुए वार्ता में मिल प्रशासन ने किसानों की मांग मानते हुए इंचार्ज व चौकीदार को केहरीपुर सेन्टर से हटाया गया और जो गन्ना घटतौली की थी वह गन्ना किसानों को वापस करा दिया गया। वार्ता में मिल प्रशासन की ओर से अनिल धनकड़ अतिरिक्त गन्ना प्रबंधक व इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान, ब्लॉक महासचिव राणा सैनी, जिला संगठन मंत्री देवेन्द्र कौसिक, ब्लॉक संरक्षक स. हरि सिंह, मनीष कुमार, चन्द्रवीर सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष स. जसवीर सिंह, विरसा सिंह, लखविन्द्र सिंह, अनिल अहमद, फुरकान, गुरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

### कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार



**अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक द्वारा जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण व बिक्री परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत स्थानीय पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 20-20 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों बलजिंद्र उर्फ बिन्दर पुत्र करनैल सिंह निवासी ग्राम भोगपुर खदरी थाना बढ़ापुर व अभियुक्त बन्टा सिंह उर्फ बन्टी पुत्र करनैल सिंह निवासी भोगपुर खदरी, थाना बढ़ापुर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 09/2026 व मुकदमा अपराध संख्या 01/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

### बीएसएफ के जवान जोगेंद्र का निधन



**नहटौर।** ग्राम मजहरपुर निवासी बीएसएफ के जवान जोगेंद्र सिंह का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही ग्राम और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जोगेंद्र सिंह (30 वर्ष) पुत्र चमन सिंह असम में तैनात थे। जो पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनका दिल्ली के अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। मंगलवार की रात उनका शव उनके पैतृक ग्राम मजहरपुर पहुंचा। बीएसएफ बटालियन ने उन्हें सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। गंगा बैराज पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा ग्राम में शोक व्याप्त है।

### मकर संक्रान्ति पर्व पर कार्यक्रम



**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग में बुधवार को मकर संक्रांति पर्व कार्यक्रम उत्सहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय के पवित्र प्रांगण में मां शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना स्तुति उपरांत आरंभ हुए कार्यक्रम में संगणक, सूचना एवं प्रसार विभाग व कार्यक्रम प्रमुख आचार्य प्रदीप चौहान व आचार्या श्रीमती अंशु शर्मा ने अपने उद्‌बोधन में मकर संक्रान्ति के विविध रुपों व महत्व का वर्णन कर सभी का मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने सभी को तिल निर्मित मिष्ठान वितरण कर मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाओं सहित मकर संक्रांति पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## एक नजर

### बैंक के बाहर से बाइक चोरी

**नगीना।** गांधी मूर्ति तिराहे के पास स्थित एक बैंक के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। थाना नगीना पुलिस ने तुख्मापुर गांव के रहने वाले हिमांशु कुमार पुत्र प्रीतम सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर बाइक और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह 13 जनवरी की दोपहर एक बजे वह अपनी बाइक से गांधी मूर्ति स्थित एक बैंक में काम से गया था। उसने बाइक बैंक के बाहर खड़ी की थी, जहां वह बाइक को लॉक करना भूल गया। जब वह काम निपटा कर पौने दो बजे बैंक से बाहर आया तो देखा, उसकी बाइक वहां पर नहीं थी। उसने काफी तलाश की पर बाइक का पता नहीं चला। फिर उसने थाना नगीना में शिकायत दी। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि हिमांशु कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज करके आरोपी और बाइक की तलाश शुरू कर दी गई है।

### मकर संक्रांति पर वेदों की गूंज



**झालू।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आर्य समाज झालू के प्रांगण में वैदिक परंपराओं के अनुरूप धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर गिरिराज ने की, जबकि संचालन सुरेश वर्मा द्वारा किया गया। भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिससे समूचा वातावरण श्रद्धा और भक्तिभाव से ओत-प्रोत हो गया। अध्यक्षीय संबोधन में मास्टर गिरिराज ने मकर संक्रांति के वैदिक, सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूर्य के उत्तरायण होने का यह पर्व जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और परिवर्तन का संदेश देता है। उन्होंने आर्य समाज के सामाजिक सुधार आंदोलन को रेखांकित करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांताओं के काल में फैली छुआछूत जैसी अमानवीय कुरीतियों के विरुद्ध आर्य समाज ने सबसे पहले संगठित संघर्ष किया। आर्य समाज का स्पष्ट सिद्धांत है कि सभी मनुष्य समान हैं और वेद किसी भी प्रकार के भेदभाव को स्वीकार नहीं करते। कार्यक्रम में जयपाल सिंह आर्य, राजेंद्र मुनि, कात्यान आर्य, विक्रम देव आर्य, नेपाल सिंह आर्य, शंकर देव, राकेश अग्रवाल, संदीप जोशी, ऋषि पाल सिंह, ओम प्रकाश, शारदा देवी, कविता शर्मा, ममता वर्मा, विकास, राजू आर्य सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। समारोह शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।

### यातायात नियमों के पालन पर जोर



**नजीबाबाद।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के पालन को लेकर जल जीवन मिशन (विद्या टेलीलिंक, नजीबाबाद) के तत्वावधान में नगर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना था।रैली राहतपुर कार्यालय से प्रारंभ होकर मोटा महादेव चौकी तक पहुंची। इस दौरान परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी, यातायात पुलिस तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल रहे। रैली के माध्यम से लोगों को हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति से वाहन न चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के सुरक्षा अधिकारी शाने अब्बास व प्रबन्धक प्रबंधक कौशल सिंह ने यातायात नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया तथा पूरे देश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने नियमों की अनदेखी से होने वाले दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला और सड़क सुरक्षा को जीवन से जोड़कर देखने की अपील की।

### मकर संक्रांति पर महायज्ञ का आयोजन



**नजीबाबाद।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंडावली आर्य सुगंध संस्थान में महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक चला। इस अवसर पर जेपी भटनागर, विवेक अग्रवाल नजीबाबाद, प्रदीप अग्रवाल हसनपुर, राजीव अग्रवाल बिजनौर, वैद्य ओम प्रकाश, श्रीमती नीता राजपूत, प्रधानाचार्या गर्जना आर्या और आसपास के गांवों की महिलाएं व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। बच्चों को फल और मिठाई वितरित की गई। प्रबंधक कमलेश आर्या ने सभी का आभार व्यक्त किया। दिव्यांग आश्रम की प्रबंधिका श्रीमती कमलेश आर्य द्वारा मकर संक्रांति के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि संक्रांति एक महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के अवसर पर मनाया जाता है। यह पर्व 14 जनवरी को पड़ता है और इसे उत्तरायण के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस दिन से सूर्य उत्तर दिशा की ओर बढ़ने लगता है।

# सांसद खेल प्रति. में फुटबॉल का महासंग्राम

## नेहरू स्टेडियम व ग्रेट इंडियन अकादमी का दमदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल मुकाबलों ने खेल प्रेमियों को रोमांच से भर दिया। प्रतियोगिता में नेहरू स्टेडियम और ग्रेट इंडियन अकादमी की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान ग्रेट इंडियन अकादमी का मुकाबला धामपुर के एक प्रतिष्ठित विद्यालय की टीम से हुआ, जो अंत तक बेहद रोमांचक बना रहा।

मैच के शुरुआती मिनटों से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया। नेहरू स्टेडियम और ग्रेट इंडियन अकादमी के खिलाड़ियों ने अनुशासन, सटीक पासिंग और बेहतरीन टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए मैदान पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। वहीं धामपुर स्कूल की टीम ने भी जोरदार संघर्ष किया, लेकिन अकादमी के खिलाड़ियों की फुर्ती और रणनीति के सामने उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पूरे मुकाबले के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।



खिलाड़ियों ने खेल भावना का पालन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिस पर आयोजकों और खेल प्रेमियों ने नेहरू स्टेडियम और ग्रेट इंडियन अकादमी की टीमों की मेहनत और प्रतिभा की जमकर सराहना की।

इस प्रतियोगिता ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के आयोजन बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करते हैं। ग्रेट इंडियन अकादमी का यह प्रदर्शन न केवल छात्रों के लिए फुटबॉल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा है, बल्कि जिले में इस खेल के प्रति बढ़ती जागरूकता का भी संकेत है।

यह रोमांचक फुटबॉल मैच विद्यालय के पीटीआई अर्णव चौधरी के संरक्षण में खेला गया। विद्यालय के प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा तथा उप-प्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा ने सभी विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# गरीबों की थाली पर 'डिजिटल' डाका

## कोटेदार और अफसरों की जुगलबंदी ने तोड़ी गरीब की कमर

**वि.ए. नादान**

राशन घोटाला

**बिजनौर।** भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं को पलीता लगाने का एक बड़ा खेल सामने आया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबको अनाज' का नारा उस समय दम तोड़ता नजर आता है, जब राशन की दुकानों पर गरीब मजदूर, बेसहारा बुजुर्ग और महिलाएं अपने हक के एक-एक दाने के लिए गिड़गिड़ाती नजर आती हैं। जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में राशन वितरण प्रणाली (पीडीएस) भ्रष्टाचार और तानाशाही का पर्याय बन चुकी है।

ई-पॉस (e-POS) मशीन, जिसे पारदर्शिता के लिए लाया गया था। अब कोटेदारों के लिए लूट का नया जरिया बन गई है। शिकायतें हैं कि कोटेदार लाभार्थियों का अंगूठा तो लगवा लेते हैं, लेकिन अनाज देने के वक्त 'सर्वर डाउन' या 'स्टॉक खत्म' होने का बहाना बना देते हैं। डिजिटल रिकॉर्ड में वितरण 'सफल' दिखता है, लेकिन हकीकत में गरीब का झोला खाली रह जाता है।

जांच में यह भी सामने आया है कि कोटेदार अनाज की तौल में खुलेआम हेराफेरी कर रहे हैं। प्रति यूनिट मिलने वाले अनाज में आधा से एक किलो तक की कटौती 'नियम' बन गई है। कहीं इलेक्ट्रॉनिक मशीन के नीचे चुंबक का खेल है, तो कहीं मशीनों की सेटिंग में ही छेड़छाड़ की गई है। खुले अनाज की बोरियों से अनाज निक. ालकर उसे आधा-अधूरा भरा जा रहा है।

इस पूरे खेल के पीछे राशन डीलर और सप्लाई इंस्पेक्टर (एसआई) की गहरी सांठगांठ के आरोप हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी किसी बड़े अधिकारी के निरीक्षण की सूचना आती है, तो डीलर को पहले ही सतर्क कर दिया जाता है। निरीक्षण महज एक औपचारिकता बन कर रह जाता है, जहां फाइलों का पेट तो भर दिया जाता है, लेकिन गरीब का पेट खाली रहता है।

### 'मुंह खोला तो राशन कार्ड कटेगा' दहशत का माहौल

**झालू।** जो गरीब इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत जुटाते हैं, उन्हें भविष्य में राशन बंद करने या राशन कार्ड निरस्त कराने की धमकी दी जाती है। बोलोगे तो अगली बार से नाम काट देंगे, जैसी धमकियों के डर से समाज का सबसे कमजोर वर्ग चुपचाप शोषण सहने को मजबूर है। हम सुबह से लाइन में लगते हैं, फिर कोटेदार कहता है कि अंगूठा नहीं आ रहा। जब अंगूठा लग जाता है, तो प्रति यूनिट 500 ग्राम से एक किलो कम अनाज थमा देता है। विरोध करने पर सीधे कहता है कि जहां शिकायत करनी है कर लो। सरकारी रिकॉर्ड में व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद दिखाई देती है, लेकिन धरातल पर गरीब वर्ग को राशन न मिलने पर बाजार से ऊंचे दामों पर अनाज खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई परिवारों के लिए यह दो वक्त की रोटी का सवाल है, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। पीड़ितों और जागरूक नागरिकों ने शासन प्रशासन से इस ओर समस्या के समाधान की मांग की है।

# बड़े-बड़े सूरमाओं को ठंड ने कप कपाया

## ठंड हर रोज तोड़ रही रिकॉर्ड, बढ़ रही बीमारों की संख्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित करके रख दिया है। हालत यह है कि अब बड़े-बड़े सूरमाओं को ठंड में कप कपा दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में कड़ाके की ठंड का रिकॉर्ड हर रोज टूट रहा है। एक दिन अगर दोपहर बाद हल्की धूप निकल जाती है, तो उसके बाद ज्यादा ठंड पड़ती है। कड़ाके की ठंड से सबसे ज्यादा परेशान बुजुर्ग है। लेकिन अब ठंड ने जवानों को भी हिला कर रख दिया है। जवानों को भी टोपा और भारी जैकेट पहने देखा जा रहा है। कड़ाके की ठंड की वजह से बुजुर्ग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। बुजुर्गों और बच्चों को निमोनिया हो रहा है। अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। हालत बहुत खराब है। पहाड़ों से भी ज्यादा ठंड जनपद बिजनौर में पड़ रही है। पहाड़ों पर कम से कम धूप तो निकल रही है। जिससे उन्हें ठंड से राहत मिलती है। दूसरी तरफ घना कोहरा कड़ाके की ठंड का



साथ छोड़ने को तैयार नहीं है। घने कोहरे की वजह से सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। कोहरे की वजह से हर रोज हादसे हो रहे हैं। सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं देता है। जहां-तहां वाहन हादसे के शिकार हो रहे हैं।

अभिभावकों का कहना है कि कॉलेज में भी अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। कड़ाके की ठंड की वजह से बच्चों को परेशानी हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि ठंड तो सभी को लगती है। राज्य सरकार व जिला प्रशासन को इस संबंध में आदेश जारी करना चाहिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# डीएम ने जांच समिति गठित की

## लोनिवि, सेतु निगम के देरी से शुरू हुए कार्यों की होगी जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्य से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एनआरएलएम एवं उद्योग विभाग की योजनाओं में सीएम डैशबोर्ड पर डी रैंक प्राप्त होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करते हुए विभागीय रैंक में सुधार लाना सुरक्षित करें। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि लोनिवि एवं सेतु निर्माण निगम द्वारा विलंब से शुरू किए गए कार्य के कारणों एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए एसडीएम धामपुर की अध्यक्षता में तकनीकी अधिकारियों के साथ एक टीम गठित कर जांच कराएं तथा उक्त दोनों विभागों से शासन द्वारा सेतु निर्माण के स्वीकृत कार्य की मंजूरी का आदेश पत्र प्राप्त कर उन्हें उपलब्ध कराएं। उन्होंने विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र मेको रोजगार उपलब्ध हो सके।



उन्होंने उद्योग विभाग की रैंक लगातार कम पाए जाने पर नाराज व्यक्त करते हुए उपयुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि ओडीओपी सहित अन्य बिंदुओं पर रैंक में सुधार लाने के लिए अपने विभागीय उच्च अधिकारियों से बात करें ताकि सीएम डैशबोर्ड पर रैंक में अपेक्षित सुधार लाया जा सके। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और सीएम डैशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए जिले को सीएम डैशबोर्ड पर टॉप टेन जिलों में लाने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से लें और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार गहनता के साथ जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि शासन स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली की नियमित रूप से मानिटरिंग की जा रही है। अतः सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागीय कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत संपादित करें। क्योंकि भविष्य में सभी शासकीय कार्य इसी प्रणाली के अंतर्गत संपादित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बैठक में परिवहन विभाग, जीएसटी विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, आपदा विभाग आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की प्रगति बनाए रखें और किसी भी अवस्था में रैंक को न गिरने दें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, जिला विकास अधिकारी सुश्री रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह, अधिशासी अभियंता आरईएस, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## कूकड़ा में जागरूकता रैली निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर स्थित समग्र विद्यालय परिसर में आरएचएस इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस को स्वच्छता एवं पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर सहित ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छ गांव-स्वस्थ गांव और प्लास्टिक छोड़ो-पर्यावरण जोड़ो जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर एकल उपयोग प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक गोपाल रंजन ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। वहीं कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत ने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन एवं दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के पवित्र कुमार, रामवीर सिंह गहलोत, कुलदीप राज, अवनीश कुमार, सचिन कुमार सहित अन्य शिक्षकगण एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

## एक नजर

### चिंतन शिविर में पहुंचने का आह्वान



**नहटौर।** भाकियू टिकैत के जिला प्रवक्ता चौधरी राजेंद्र सिंह ने 15 जनवरी से प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से प्रयागराज के लिए रवाना होगे। उन्होंने बताया कि जिला बिजनौर से जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में जिले के तहसील व ब्लाक के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के सहयोग से हजारों की संख्या में प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर में पहुंचेंगे। किसान जहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत व राकेश टिकैत के अलावा समस्त प्रदेश के नेताओं से आपस में चर्चा की जाएगी। 6 महीने में किसानों के प्रति किए गए कार्य और अगले 6 महीने में होने वाले कार्य पर चर्चा की जाएंगी।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में गोपालपुर जीता



**नांगल सोती।** जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गोपालपुर की टीम ने भोजपुर की टीम को 42 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में बुधवार को गोपालपुर और भोजपुर की टीम के बीच मैच खेला गया। गोपालपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट पर 118 रन बनाए, जिसमें बल्लेबाज अनिरुद्ध गौतम ने सर्वाधिक 20 रनों का योगदान दिया। भोजपुर की ओर से गेंदबाज अनुज ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भोजपुर की टीम 76 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें अनुज ने सर्वाधिक 30 रन बनाएं। गोपालपुर की ओर से आकाश ने तीन विकेट लिए, गोपालपुर के अनिरुद्ध गौतम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर शुभम व देवराज रहे। मैच में विरल, सचिन, प्रशांत, रविल, निखिल आदि का सहयोग रहा।

### श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने मनाई मकर संक्रांति




**नजीबाबाद।** मकर संक्रांति के अवसर पर श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने कबाड़ी मार्केट स्थित गौशाला में गौ माता की सेवा कर पर्व मनाया। इस दौरान पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। समूह के सदस्यों ने गौ माताओं को तिलक लगाया और उन्हें गुड़-चना खिलाया। इसके अतिरिक्त, गौ माताओं के लिए हरी सब्जी और चारे की विशेष व्यवस्था भी की गई थी। इस कार्यक्रम में शैलेंद्र माहेश्वरी, संजीव गोयल, राजीव अग्रवाल, संदीप बहल, सचिन अग्रवाल, पुनीत सलूजा, रोहित खरबंदा, दुर्गेश खरबंदा, भोला, विवेक द्विवेदी, सौरभ, राजीव गांधी, अमर गोयल, रवि रंधर, निराशा, हिमांशु प्रजापति, राजन टंडन, अनीता शर्मा, कोमल, विनय, निखिल अग्रवाल, प्रतीक, हेमंत अग्रवाल, संत अग्रवाल, अनूप गोयल, एके मित्तल, दिशा, सुमन बहल, संध्या, मोनिका खरबंदा, शिखा कपूर, शिवानी टोंक, नीलम महेश्वरी, रूपम गुप्ता, रीना, गीता, राज आदित्य, पावेल, युवराज, आराध्या और परी अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। हिमांशु प्रजापति ने अपने पुत्र युवराज के जन्मदिन के अवसर पर गौशाला पहुंचकर गौ माता की सेवा करते हुए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया और जलपान की व्यवस्था की। गौ माताओं के लिए चारे और सब्जी की व्यवस्था राजीव अग्रवाल द्वारा की गई थी।

### वांछित वारंटी गिरफ्तार

**किरतपुर।** एसपी के निर्देशन में जनपद में अपराधों की रोकथाम तथा वांछित, गैर-जमानती वारंट एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किरतपुर पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी किरतपुर के निर्देशन में गठित पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न माननीय न्यायालयों से गम्भीर अपराधों में जारी गैर-जमानती वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना किरतपुर पुलिस ने आज वाद संख्या 610/2023 से संबंधित मु.अ.सं. 300/2020 के तहत दर्ज गम्भीर मामले में एक वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त मौ. आमीर पुत्र यूनुस, निवासी मोहल्ला लुकमानपुरा, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर है। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम, धारा 429 भादवि, धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा धारा 9/39/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है।

## मनोकामना मंदिर पर भंडारा



**शेरकोट।** एनएच हाईवे पर स्थित आस्था का प्रमुख केंद्र मनोकामना मंदिर इस वर्ष मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता का साक्षी बना। मकर संक्रांति के शुभ एवं पुण्यदायी पर्व पर मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद ग्रहण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इस दिन सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे उत्तरायण कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार उत्तरायण काल को अत्यंत शुभ माना गया है और इसी दिन से मांगलिक एवं शुभ कार्यों का आरंभ किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य और सेवा कार्य अक्षय फल प्रदान करता है। इन्हीं धार्मिक मान्यताओं को आत्मसात करते हुए मनोकामना मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां दूर-दराज से आये श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक एवं राहगीरो ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया।भंडारे का आयोज ग्राम मुस्तफापुर तैय्यब निवासी सुरेंद्र कुमार ने किया।

## भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों के लिए समस्याओं के मांग उठाते हुए प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर में समय पर पहुंचने की रूपरेखा के बारे में भी चर्चा की।

मासिक पंचायत की अध्यक्षता चौधरी रामपाल सिंह एवं संचालन रो. हतास सिंह द्वारा किया गया। पंचायत में प्रयागराज राष्ट्रीय चिंतन शिविर में कल (आज) 15 जनवरी को चलने पर विचार किया गया, जिसमें सभी किसान भाइयों से अधिक से अधिक संख्या में प्रयागराज चिंतन शिविर में चलने का आह्वान किया गया। मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने बताया कि चिंतन शिविर में चलने के लिए अभी एक दर्जन से अधिक नाम की लिस्ट आई है। उन्होंने अन्य किसान भाइयों से भी प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर में हिस्सा लेने की अपील की।



### नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत

मासिक पंचायत में किसान यूनियन नेताओं ने किसानों की विभिन्न समस्या के संबंध में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी चांदपुर के नाम लिखते हुए ग्राम पंचायत बागड़पुर में तहसीलदार चांदपुर द्वारा अवैध रूप से ग्राम समाज की भूमि पर खड़े पेड़ कटवाए गए जाने पर रोष जताते हुए इस मुद्दे को अगले मीटिंग में उठाने की बात कही गई। किसान यूनियन नेताओं ने कहा कि सांसद द्वारा गत दिवस चांदपुर स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति में किसानों का आश्वास्त करते हुए कहा गया था कि कल से चांदपुर-बास्टा रोड़ पर कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। आज एक माह होने को है कुछ भी नहीं हो पाया।

मासिक पंचायत में तहसील अध्यक्ष नितिन राणा जिला उपाध्यक्ष चौधरी लुधियान सिंह, जिला सचिव चौधरी हरीराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष मौ. याकूब, जिला सचिव हुकम सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर चंद्रपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, प्रथम चौधरी, मैंराजू प्रधान, मनोज शर्मा, सुनील कुमार युवा मंडल महासचिव, अनिल सिद्धू, राजीव चौधरी, सोमपाल सिंह, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अमरपाल सिंह, नफीस प्रधान, राहुल चिकारा, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि किसान उपस्थित रहे।

किसान यूनियन की मासिक पंचायत में नव मनोनीत पदाधिकारियों का फूलों की मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन वाराणसी में राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज, अत्यधिक बल प्रयोग, घसीटने और गिरफ्तारियों के विरोध में प्रस्तुत किया गया है। यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MANREGA) को समाप्त कर उसकी जगह नए



### जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

अधिनियम की व्यवस्था के विरुद्ध देशव्यापी अभियान का हिस्सा था। प्रदर्शन पूरी तरह संवैधानिक अधिकारों के दायरे में और अहिंसक था, किंतु पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया, जिसमें दर्जनों छात्र घायल हुए और कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी इस अमानवीय एवं अलोकतांत्रिक कार्रवाई की कड़ी निंदा करती है। जिला कांग्रेस कमेटी इस संबंध में प्रदेश एवं केंद्र सरकार से न्याय की अपेक्षा रखती है तथा लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर आर.के. सिंह पूर्व आईएएस, हुमायूं बेग शहर अध्यक्ष, मौहम्मद अकबर, मौहम्मद सलीम, हरिराज सिंह, खालिद अंसारी एसएसयूआई जिला अध्यक्ष, गौतम सिसौदिया युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष, हिमांशु देवरा, त्रिलोक शर्मा, चितवन शर्मा, अनिल त्यागी, जसराम सिंह, अहसन जमील, हरि सिंह सागर, विश्वमोहन, कमरुन्निसा, साजिदा बेगम, खालिद शेख, लोकचंद्र चौहान, अब्दुल कादिर, नदीम अहमद, सुकेश कुमार, मिथुन कुमार, अंकित कुमार, अनिल कुमार, अक्षय कुमार, राम कुमार, शराफत अली, शहनाज, शाहबाज, लताफत हुसैन, फहीम अहमद, अतुल कुमार, इमरान और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ट्यूबवेलों से हजारों का सामान चोरी



**राजा का ताजपुर।** क्षेत्र के ग्राम सिडियावली निवासी नरेंद्र चौहान व राजेन्द्र चौहान के ट्यूबवेलों पर चोरों ने हजारों रुपए का समान चोरी करके रूफूचक्कर हो गए। किसान नेता राजेन्द्र चौहान के टूयूबवेलों पर से टूयूबवेलों की दिवार का कुंबल काटकर उसमें रखा बिजली का इसर्रटर, बिजली का केबिल, मोटर चोरी करके ले गए। वह राजेन्द्र सिंह चौहान का भी केबिल, स्टार्टर चोरी करके ले गए। एक रात में दो जगह चोरी होने से दहशत वह डर का माहौल बना हुआ है। एक साथ दो जगह चोरी की घटनाओं की सूचना पुलिस चौकी ताजपुर को दी।

## लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया, ढोल की थाप पर भंगड़ा पाया

**बिजनौर।** युवा पंजाबी संगठन द्वारा पंजाबी कॉलोनी में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक धाम पर गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से लोहड़ी का पर्व मनाया गया। सर्वप्रथम ज्ञानी सतविंदर द्वारा समाज और देश की खुशहाली और उन्नति के लिए अरदास की, युवा पंजाबी संगठन द्वारा उन्हें पगड़ी भेंट की व गुरु ग्रन्थ साहिब जी के लिए रूमाला साहिब भेंट किया गया। इसके बाद अग्नि प्रज्वलित की गई और खील, रेवाड़ी, मूंगफली का प्रसाद वितरण किया गया। युवा पंजाबी संगठन की ओर से संजय गिलहोत्रा, डिम्पल मदान, संजीव खेड़ा, महेश मदान, मानव सचदेवा, जैलेश खुराना, प्रदीप खुराना हैप्पी सचदेवा, प्रिंस सचदेवा, कमल खुराना, अंश गोयल, सन्नी मदान, इशू गिलोत्रा, जितेन्द्र सिंह राणा, शालू खेड़ा, रॉकी, सहज खेड़ा, पारस मदान, राघव खेड़ा आदि ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पश्चिमी यूपी हाईकोर्ट बेंच प्राथमिकता : शाहनवाज राना

### बार काउंसिल सदस्य पद चुनाव में समर्थन की अपील के लिए नगीना पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज राना के समर्थन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल नगीना पहुंचा। जहां उन्होंने अधिवक्ताओं से 16 और 17 जनवरी को होने वाले बार काउंसिल चुनाव में शाहनवाज राणा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। एडवोकेट शाहनवाज राणा ने भी इस दौरान वकीलों से इंटरनेट के माध्यम से संवाद किया। इस दौरान दोनों बारों के बड़ी संख्या में सीनियर और जूनियर वकील मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बार काउंसिल चुनाव से पहले अधिवक्ताओं के मुद्दों को सीधे सुनना और अपनी प्राथमिकताओं को साझा करना रहा।



नगीना धामपुर मार्ग पर स्थित एक बैंक्विट हॉल में दोपहर अधिवक्ताओं के लिए आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य पद के क्रमांक 266 से प्रत्याशी शाहनवाज राना ने अधिवक्ताओं के अधिकार, सुरक्षा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच को प्राथमिक मुद्दा बताया।

शाहनवाज राना ने स्पष्ट कहा कि वकीलों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा उनकी पहली जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अधिवक्ताओं की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल से ही न्याय व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उनके अनुसार, अधिवक्ताओं की सामूहिक आवाज ही बदलाव का आधार बनती है। शाहनवाज राना ने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं से बार काउंसिल चुनाव में प्रथम वरीयता का मत देकर समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का लाभ नहीं, बल्कि पूरे लीगल कम्युनिटी का हित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुने जाने पर वे हर जिले और हर स्तर के अधिवक्ताओं की बात सुनेंगे।

कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने आपसी बातचीत की और बार से जुड़े विषयों पर चर्चा की। शाहनवाज राना ने सभी का समय देने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि इस तरह के संवाद आगे भी जारी रहेंगे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री रईस अहमद पुत्र श्री मौ. अख्तर मौहल्ला पठानपुरा** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौ. अय्यूब पुत्र श्री मकबूल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 605 पठानपुरा, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**

सिविल प्रकीर्ण वाद संख्या-01/2026

इश्तहार मजरिया अदालत-1

कुलवीर सिंह पुत्र स्व. अजयपाल सिंह निवासी-ग्राम अमाननगर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर। **-वादी**

**बनाम**

1- रूबी पत्नी स्व. हिमांशु कुमार, 2- नैतिक चौहान नाबालिग पुत्र स्व. हिमांशु कुमार संरक्षिका माता रूबी पत्नी स्व. हिमांशु कुमार, निवासीगण-ग्राम अमाननगर, परगना-अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जनपद-बिजनौर। **-प्रतिवादीगण**

दरख्वास्त मुसम्मी कुलवीर सिंह वास्ते हुसूल सर्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत व हाय याफ्तनी मुसम्मात कुलवीर सिंह मुतवफ्फी रूबी आदि अपने बमूजिब एक्ट 7 सन् 1881 ई. बकैद हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सार्टिफिकेट गुजरानी है। 19.01.2026 ई. वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार वक्त 10:00 बजे सुबह अदालत मुकाम नगीना व तारीख 19.01.2026 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक 19.01.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना (बिजनौर)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम मोबिन ( MAUBIN ) था। अब मैंने अपना नाम बदल कर मोबीन अहमद ( MOBEEN AHMED ) कर लिया है। भविष्य में मुझे मोबीन अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**-मोबीन अहमद पुत्र मौहम्मद कामिल निवासी ग्राम किशनवास, थाना मंडावर, तहसील व जिला बिजनौर**

**आवश्यकता है**

**बीएससी**-भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक में 01 पद सहायक आचार्य।

**बीए**-हिंदी, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास प्रत्येक में 01 पद सहायक आचार्य।

**बी. कॉम** - 01 पद सहायक आचार्य, **बी. एड** - समस्त विषय।

**प्रबंधक**-श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा से नूरपुर रोड फीना, बिजनौर।

**Phone- 9411229359, 9259216024**

**कार्यालय ग्राम पंचायत लतीफपुर चुखेड़ी, विकासखण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत लतीफपुर चुखेडी के ग्राम जौनपुर में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त अभिषरण योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत लतीफपुर चुखेड़ी के ग्राम जौनपुर में राजू के घर से पक्की सड़क तक सीसी एवं नाली निर्माण कार्य कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोडी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 22/01/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं तीन बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 20/01/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**बहन की विवाह को रखी रकम भी उपचार पर हुई खर्च, तीन हो चुके ऑपरेशन चौथे की तैयारी**

# सालभर बाद भी आर्थिक संकट से उबर नहीं पा रहा है आलम का परिवार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष हिंसा में जहां कानूनी दांव पेंच आज भी जारी हैं लेकिन हिंसा गोली से घायल हुआ आलम के परिवार को आर्थिक और मानसिक दोनों ही बड़ी चोट मिली है। जबकि इलाज पर हुए खर्च ने बहन के विवाह को भी गृहण लगा दिया है।



मौहल्ला खग्गू सराय निवासी यामीन ओर उसके परिवार के लोग ठेले पर पापे बेचकर परिवार का गुजर बसर करते हैं। 24 नवम्बर को हुई हिंसा के दिन भी यामीन अपना ठेला लेकर पापे बेचने निकल गया था जबकि उसका विकलांग बेटा आलम भी तीन पहियों वाला ठेला लेकर पापे बेचने निकला था। उसे नहीं पता था कि आज वह भी हिंसा का शिकार होगा और गोलियां लगने से उसका परिवार बर्बादी के कगार पर खड़ा हो जायेगा। होनी होने को होती है। हुआ भी वही हिंसा वाले दिन जामा मस्जिद की ओर पहुंचा तो वहां गोलियां बरस रही थीं। अचानक वहां पहुंचा आलम एकदम भागने में सक्षम नहीं थी। विकलांगता उसके आड़े आई ओर वह तीन गोलियां पीठ और बाजू में लगने से घायल हो गया। वहां मौजूद कुछ लोगो ने उसे उसके घर तक पहुंचाया। परिजन उसे उपचार के लिए लेकर कई अस्पताल व क्लीनिक गए,लेकिन गोली से घायल होने पर चिकित्सकों ने बिना पुलिस के उपचार करने को हाथ खड़े कर दिए। परिजन किसी तरह मेरठ लेकर गए और उसका उपचार कराया। हिंसा को हुए एक साल से अधिक का समय बीत गया लेकिन विकलांग आलम के उपचार ने परिजनों पर आर्थिक संकट गहरा गया है। अदालत से एफआईआर दर्ज होने के आदेश के बाद यह मामला फिर सुर्खियों में आ गया है। बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए अदालत की शरण में गया यामीन तो कैरे के सामने नहीं आ पाया लेकिन उसकी बेटी ने सामने आकर जो कुछ ब्यां किया उसने रौंगटे खड़े कर दिए है। यामीन की छोटी बेटी के अनुसार उसके विकलांग भाई का मेरठ में उपचार कराया। अब तक उसके तीन आपेरशन हो चुके है। एक ओर आपरेशन होना है। उसके पिता ने बैंक से लोन लिया था क्योंकि उन्हे बहन की शादी करनी थी मगर भाई पर अब तक 25 लाख की रकम उपचार पर खर्च हो चुकी हैं इसलिए बहन का विवाह भी अब काफी अंढ़ी खीर हो गया है। उसने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह ओर उसका परिवार दहशत में है। अदालत से उन्हे इंसाफ की उम्मीद है। हम गरीब व मजदूर परिवार है। पापे बेचकर ही अपनी जिन्दगी बसर करते हैं। हिंसा को एक साल से अधिक का समय बीत गया है। हिंसा में दर्ज मुकदमों को लेकर कानूनी दांव पेंच भी जारी है लेकिन हिंसा में घायल हुए विकलांग आलम ओर उसके परिवार आज भी आर्थिक और मानसिक कष्ट झेलता आ रहा है। हालांकि आलम का उपचार कहां चल रहा है इसकी जानकारी परिवार नहीं दे रहे हैं लेकिन गोली लगने से घायल होने के बाद आज तक जो परेशानी झेल रहे है। उसकी पीड़ी घायल की बहनों के चेहरो पर साफ झलक रही है।

## रिपोर्ट के आदेश के बाद से यामीन के घर पर हैं केवल महिलाएं

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंसा में घायल आलम के पिता की ओर से पूर्व सी ओ ओर कोतवल समेत बारह पुलिस कर्मियों पर एफआईआर के आदेश के बाद आलम और उसका परिवार फिर से चर्चा में है। पुलिस अधिकारियों और अधीनस्थों पर रिपोर्ट दर्ज होने के आदेश से सुर्खियो में आलम और उसका पिता यामीन तथा अन्य भाई घर पर मौजूद रहीं है। तीन मंजिला मकान में रह रहे परिवार में बारह सदस्य हैं इनमें बेटे ओर बेटियों में बड़ी बेटी का विवाह कब होगा कुछ पता नहीं है। जबकि बेटे घर पर नहीं है जबकि बेटियां और अन्य महिलाएं ही घर पर मौजूद हैं।



सम्भल। ग्राम बिचौली में सरकारी जमीन पर बने मकानों को ध्वस्त करता बुलडोजर।

# रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी की जाएगी अपील

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष शाही जामा मस्जिद का सुबह सवेरे दूसरी बार वकील कमिश्नर के मौका मुआयना के दौरान भड़की हिंसा में घायल युवक के पिता के आवेदन पर तत्कालीन सी ओ और कोतवाली प्रभारी समेत दर्जन भर पुलिस कर्मियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर के आदेश के बाद पुलिस विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है। घायल युवक आलम के पिता यामीन की याचिका पर कोर्ट ने पुलिस की फायरिंग को आधार बनाते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी किया है। जबकि पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने अदालत का आदेश आने पर कहा कि फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं की जायेगी, बल्कि इस आदेश के खिलाफ अपील दायर की जायेगी। बता दें कि मौहल्ला खग्गू सराय निवासी यामीन ने आरोप लगाया है कि 24 नवम्बर को उसका विकलांग बेटा ठेले पर पापे बेचने गया था। जामा मस्जिद की तरफ हुई हिंसा में गोलियां चल रही थ। उसका विकलांग बेटा ठेला छोड़कर भागने का प्रयास कर रहा था तभी उसकी पीठ और बाजू में तीन गोलियां लगी। जिनसे वह घायल हो गया था। गोली तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी व इंस्पैक्टर व पुलिस कर्मियों द्वारा मारने का आरोप लगाया गया है।

# अपीलीय अदालत में हार के बाद गरजा बुल्डोजर जस्टिस

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सरकारी भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जों को बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कराया गया। अपीलीय अदालत के आदेश पर पाँच मकानों को बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

तहसील के ग्राम बिछौली में बुधवार को राजस्व प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जों को बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्तीकरण कराया। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने अनुसार जिस भूमि पर कार्रवाई की गई, वह 20 बीघे से अधिक क्षेत्रफल में फैली हुई है और अभिलेखों में स्कूल, खेल का मैदान, उद्यान, पंचायत घर तथा पशुचर (चरागाह) के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जे को लेकर न्यायालय में मुकदमे चल रहे थे। वर्ष 2022 में ट्रायल कोर्ट द्वारा बेदखली के आदेश पारित किए गए थे, जिनमें से पाँच मामलों में अपीलीय अदालत ने भी आदेश की पुष्टि की। इन्हीं आदेशों के तहत मौके पर कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। तहसीलदार ने बताया कि शेष मामलों में न्यायालय के अंतिम निर्णय के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी और सभी कार्रवाई विधिक प्रक्रिया के तहत की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रहा है और केवल न्यायालय के आदेशों का पालन किया जा रहा है। याद दिला दें एक दिन पूर्व 13 जनवरी 2026 को तहसीलदार सम्भल द्वारा गठित टीम ने नायब तहसीलदार के नेतृत्व में ग्राम बिछौली में स्थित विभिन्न सरकारी गाटों का सीमांकन कराया था। इसमें गाटा संख्या 1242 (पशुचर), 1241 (उद्यान), 1240 व 1237 (खाद के गडढे, 1238 (रास्ता), 1236 (खेल का मैदान), 1235 (स्कूल) और 1234 (पंचायत घर) की भूमि पर किए गए अनधिख्रत कब्जों को चिन्हित किया गया था। कार्रवाई के दौरान एक इमामबाड़े की भी पैमाइश कराई गई। अधिकारियों के अनुसार, इमामबाड़ा भी उसी भूमि परिधि में आता है, लेकिन कोई भी व्यक्ति स्वयं को उसका मुतवल्ली बताने सामने नहीं आया। ऐसे में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की तैयारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि कोई पक्ष या ग्राम प्रधान अपना वैध दावा प्रस्तुत करता है तो उसकी सुनवाई कर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा। राजस्व प्रशासन ने कहा कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान आगे भी जारी रहेगा और न्यायालय के आदेशों के अनुरूप सख्त कार्रवाई की जाएगी।



सम्भल। कॉलेज के स्थापना दिवस पर प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत करते।

## जोगीपुरा में बाल विवाह न होने देने की ली शपथ

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया के निर्देशन में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी सम्भल में लगातार अभियान चला रहे है। वुधवार को अभियान को गति प्रदान करते हुए प्रयास संस्था और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से पंवासा ब्लॉक के गांव जोगीपुरा में ग्राम प्रधान हलीमा रिजवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाल विवाह न करने की शपथ ली।इस अवसर पर प्रयास संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल विवाह की जानकारी संबंधित नंबरों पर दें।

# जिले के सात निशानबाजों ने किया गौरवान्वित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई के 7 निशानेबाजों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जनपर को गौरवान्वित किया। वापस आए प्रतिभागियों का स्वागत की प्रशंसा की।



**○वापस आए विजयी प्रतिभागियों की जिलाधिकारी ने की प्रशंसा**

भोपाल एवं दिल्ली में आयोजित सम्पन्न हुई राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई, जनपद सम्भल के निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई से कुल 7 निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया, और विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले निशानेबाज नैतिक तिवारी -एयर राइफल, मृत्युंजय सिंह पनवर-एयर पिस्तौल, आराध्य यादव-एयर राइफल, आराध्या वार्ष्णेय-एयर पिस्तौल, गौरव-एयर राइफल, युवराज-एयर राइफल, सुरेंद्र सिंह-एयर राइफल, प्रतियोगिता से वापस आने पर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैसिया ने सभी निशानेबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी, कार्यक्रम के दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, उप क्रीड़ाधिकारी प्रमिला भारती, शूटिंग कोच मयंक कुमार, सतीश तिवारी एवं नीरज कुमार उपस्थित रहे, सभी ने खिलाड़ियों के अनुशासन, मेहनत और समर्पण की सराहना की, इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई के प्रशिक्षक मयंक कुमार ने बताया कि यह सफलता खिलाड़ियों की एक साल की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

## शुक्रवार को होगी भाकियू असली की बैठक

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन असली की ग्राम फतेहपुर मंदिर में शुक्रवार को दोपहर 11:00 बजे' से संगठन विस्तार, किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति को लेकर जन जागरण अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैइक में सभी कार्यकर्ताओं के सुझाव लिए जाएंगे।

# सलामी-डे पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** फैज़ गर्ल्स इण्टर कॉलेज में कॉलेज का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। समारोह में छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मनमोह लिया।

उप नगरी सराय तरीन स्थित विद्यालय में आयोजित अब्दुल गफूर सलामी डे पर विद्यालय की छात्रओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि का संबोधन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.जी.एम. कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर योगेन्द्र सिंह रहे। छात्राओं ने हम्द और नात पढ़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में प्रोफेसर योगेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यालय की प्रगति और अनुशासन की सराहना की।जबकि छात्रओं ने कव्वाली, देशभक्ति गीत और एक्शन साँग्स की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। नन्ही छात्रओं द्वारा पेश किए गए एक्शन साँग्स ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं, वहीं कव्वाली की सुरीली प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समाँ बांध दिया। समारोह में अब्दुल गफूर सलामी के योगदान पर चर्चा की ओर उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। वक्ताओं ने बताया कि समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में चौधरी अशरु अली, सैयद हुसैन अफसर, मुख्तार हुसैन, जियाउर्रहमान, नवाब हसन और नसीम अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह मेधावी छात्राओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। प्रबंधक कलीम अशरफ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक और स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। मुख्य रूप से हाजी नूरइलाही, ताहिर सलामी, डा. यूनुस, शारिक जिलानी, जुबैर उमर, रेहान एडवोकेट, हाजी शराफत, हाजी शहादत आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्या जहांआरा तबस्सुम ने आभार जताया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल- मकर संक्रांति पर गर्म वस्त्र देती महिलाएं।

## गुन्नौर में स्थायी गौशाला को हुआ भूमि पूजन

**बबराला( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर पंचायत गुन्नौर की स्थायी गौशाला के लिए आसरा आवास रोड़ पर गांव नूरपुर के पास प्रदेश के गौ सेवा आयोग सदस्य ने अधयक्ष खुशबू प्रजापति के साथ भूमि का पूजन किया। बुधवार को नगर पंचायत गुन्नौर गौशाला की भूमि का पूजन पण्डित चेतन शर्मा ने कराया। भूमि पूजन नगर पंचायत अधयक्ष खुशबू प्रजापति,भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह,धर्मेन्द्र प्रजापति,दीपक यादव,कुमोद वार्ष्णेय ने किया। उसके बाद सभी ने नींव निर्माण की ईंट रखीं। नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू प्रजापति ने बताया कि गुन्नौर नगर पंचायत की स्थायी कान्हा गौशाला निर्माण को भूमि पूजन विधि-विधान से कराया गया। इसके निर्माण का अब शुभारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि गौशाला में चारे के सुरक्षित भंडारण को विशाल गौ ग्रास भवन बनाया जायेगा। इसका निर्माण दस बीघा भूमि पर 1.65 करोड़ रुपये लागत से होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह ने कहा कि गौशाला निराश्रित गोवंश को सुरक्षित रखने को बेहद जरूरी हैं। उनको इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। सरकार इसलिए ही गौशालाओं का निर्माण करा रही है। नगर क्षेत्र के गोवंश को आश्रय मिलेगा। इस दौरान ईओ अमरेश तिवारी, राजकुमार वैदिक, दीपक यादव,धर्मेन्द्र प्रजापति, कुमोद वार्ष्णेय, शिखर गोयल, इंदीवर सिंह, विद्याराम, सुनील, केवी आर्य, महिपाल सिंह, राजू व नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति का विशेष महत्व

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के सन्तोषी माता श्रीबांके बिहारी मंदिर में पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। जिसे हर साल जनवरी के महीने में धूमधाम से मनाया जाता है। सूर्य उत्तरायण होता है। यानी कि पृथ्वी का उत्तरी गोलार्ध सूर्य की ओर मुड़ जाता है। परंपराओं के मुताबिक इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। देश के विभिन्न राज्यों में इस पर्व को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य पुराण के अनुसार सूर्य के उत्तरायण के दिन संक्रांति व्रत करना चाहिए।तिल को पानी में मिलाकर स्नान करना चाहिए। गंगा स्नान करना चाहिए। तीर्थ स्थान या पवित्र नदियों में स्नान करने का महत्व अधिक है। इसके बाद भगवान सूर्यदेव की पूजा अर्चना करनी चाहिए। पितरों का ध्यान और उन्हें तर्पण जरुर देना चाहिए। मकर संक्रांति के मौके पर तिल गुड़ के लडडू बनते हैं। यह खाने में ही स्वादिष्ट नहीं होते हैं बल्कि कई गुणों से भरपूर होते हैं। इस दौरान मन्दिर में श्रृद्धालु अतुल गोयल, पूजा गोयल, गार्गी गोयल, कार्तिक, लक्ष्मीकांत शर्मा, संजय शर्मा, चित्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## धूप के बाद भी गलन नहीं हो रही दूर


**सम्भल।** सुबह सवेरे कोहरे की परत छंटने के बाद निकल रही चिलचिलाती धूप में गलन का असर कम नहीं हो रहा है। जबकि सांय को गलन घरों में कैद रहने को मजबूर कर रही है।

# वैश्विक शैक्षिक सहयोग की दिशा में डीएवी बबराला का सशक्त कदम

**○डीएवी स्कूल में यारा इंटरनेशनल के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया भ्रमण**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में यारा इंटरनेशनल के वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यालय का औपचारिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। आगंतुक अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया तथा विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'दर्पण' का विधिवत अनावरण संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने अतिथियों को विद्यालय की शैक्षिक, खेल, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षिक क्षेत्रों में प्राप्त उल्लेखनीय उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों, मूल्य परक शिक्षा, खेल उत्कृष्टता, डिजिटल लर्निंग तथा सामाजिक सहभागिता से जुड़े विविध प्रयासों से भी अतिथियों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइजर कंपनी के वरिष्ठ उपाधयक्ष एम. एस. प्रसाद ने कहा कि डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यालय द्वारा अपनाई गई शैक्षिक नवाचारों और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण की सराहना की तथा भविष्य में ऐसे प्रयासों को और सुदृढ़ करने का आहवान किया।इस अवसर पर यारा इंटरनेशनल के कार्यकारी उपाध्यक्ष (वैश्विक संयंत्र एवं परिचालन उत्कृष्टता पॉल हेस्ताद ने कहा कि डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन एवं नवाचार प्रशंसनीय हैं। उन्होंने भविष्य में नार्वे के विद्यालयों के साथ शैक्षिक सहयोग स्थापित करने, अनुभवों के आदान-प्रदान, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों तथा संयुक्त शैक्षिक पहलों के माध्यम से सहयोग करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का अंतरराष्ट्रीय सहयोग विद्यार्थियों को वैश्विक कृष्टिकोण प्रदान करेगा और शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। अंत में अतिथियों ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यालय की प्रगति के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित दीं।



सम्भल- श्रीराम मंदिर निर्माण की खुशी में सुंदर कांड का पाठ करते।

# छतों पर बंदरों का हुड़दंग सड़कों पर आवारा कुत्तों का झुंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**○चिंता कहीं कस्बे में न हो जाए ग्राम पौटा जैसी घटना**

**सिरसी।** कस्बेवासी घर की छतों पर बंदरों के हुडदंग व सड़कों पर आवारा कुत्तों के झुंड से स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे है। समीप के गांव की जानलेवा घटना से लोगों की चिंता में बढ़ोत्तरी कर दी है।

घर की छतों व अंदर बंदरों की फौज कब और कीहॉ हमलावर हो जाये और सड़कों पर आवारा कुत्तों का झुंड कब भैं-भैं कर हमला कर दे, इसी चिंता में दिन-रात गुजरती है। गत दिनों ग्राम पौटा में आवारा कुत्तों के हमले में नौ वर्षीय बालिका की दु:ख्द मौत हो जाने की घटना के बाद कस्बे के लोग भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिन्तित है। घर के पास की दुकानों से घरेलू सामान लेने व स्कूल जाने वाले बच्चे कहीं आवारा कुत्तों का निशाना न बन जाए इसी चिंता में परिवार के लोग रहते है। उधर मीट की दुकानों के बाहर घमते आवारा कुत्तों का डर बना रहता है। मांस की दुकानों के संचालक गेट आदि मानकों के की खुलेआम अंदेखी कर रहे हैं और सम्बंधित विभाग सबकुछ जानकर अन्जान बना हुआ है।

# साइबर फ्रॉड की तलाश में दिल्ली पुलिस ने मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**○मोबाइल छोड़कर भागे आरोपी, पुलिस ने लिया कब्जे में**

**सिरसी।** कस्बे के मौहल्ला निवासी साइबर फ्राड के आरोपियों की तलाश में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने छापामार कार्रवाई के दौरान आरोपी भाग गए ौर भगदड़ में मोबाइल छोड़ गए। पुलिस ने उन्हे कब्जे में ले लिया।

गत दिन दिल्ली की पुलिस की छापमार कार्रवाई से कस्बे में चच्चाओं का बाजार गर्म है। मौहल्ला गिन्नौरी निवासी 5-7युवकों पर साबर फ्रॉड करने का आरोप हैं इनमें से एक युवक दिल्ली में रहता है। पुलिस ने जब छापा मारा तब युवक एक कमरे में बैइे बताए जाते हैं,लेकिन छापे की भनक लगते ही युवक दूसरे गेट से भाग गए। भगदड़ में उनका मोबाइल गिर गया। जिसे पुलिस ने कब्जे में लेना बताया जा रहा हे। मोहल्ले के युवा लड़कों पर साइबर फ्रॉड का आरोप सुनकर लोग सन्न रह गए। उन्हे नहीं मालूम ाा कि बिल्कुल सीधे-साध लगने वाले युवक ऐंसरा संगीन अपराध कर सकते हैं। पुलिस की कार्रवाई से कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## एक नज़र इधर भी

### आकांक्षात्मक ब्लॉक के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आकांक्षात्मक ब्लॉक के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आज विकास खण्ड रजपुरा परिसर में अनमोल सृष्टि प्रेरणा कैंटीन का उदघाटन खण्ड विकास अधिकारी डा. आदेश कुमार द्वारा किया गया। प्रेरणा कैंटीन के माध्यम से विकास खण्ड परिसर में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को नाश्ता, लंच एवं अन्य खानपान की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह अनमोल सृष्टि की सदस्य सुशीला द्वारा किया जाएगा। यह पहल एनआरएलएम योजना के अंतर्गत महिला आजीविका संवर्धन एवं मिशन शक्ति अभियान को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रेरणा कैंटीन की सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई।कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख ममता यादव की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री शोधकर्ता रूचि राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उद्घाटन के अवसर पर रूचि राठौर, एडीओ पंचायत अक्षय कुमार, समस्त ब्लॉक स्टाफ, पंचायत सहायकगण, क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### पंचायत राज विभाग की बैठक में समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिला विकास अधिकारी राम आशीष की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा में बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी ली और अंत्येष्टि स्थल, कॉमन सर्विस सेंटर स्थापना तथा संचालन की प्रगति, पंचायत सहायकों की उपस्थिति का विवरण, 5 वे वित्त आयोग तथा 15 वे वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को लेकर जानकारी लेकर ई केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर चर्चा की गयी।

### मकर संक्रांति पर राजघाट में हुआ स्नान

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर मकर संक्रांति पर्व पर श्रृद्धालुओं ने काफी संख्या में पहुंचकर स्नान किया। लोग दूर दूर से स्नान करने आये। राजघाट गंगाघाट पर मेला लगा और सभी ने सामान की खरीदारी की। पापनाशिनी मोक्षदायिनी गंगा मइया का जल सभी को पवित्र करता है। यही आस्था ही स्नान पर्व को महत्वपूर्ण बनाती है।

# मुरादाबाद के दो युवकों की अहमदाबाद में मौत शव घर पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मुगलपुरा क्षेत्र के मोहल्ला पीरगैब में रहने वाले दो युवकों की गुजरात के अहमदाबाद में दर्दनाक मौत हो गई। शनिवार रात अहमदाबाद स्थित एक लकड़ी की फैक्ट्री में अचानक आग लगने से दम घुटने के कारण दोनों की जान चली गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं जब दोनों के शव मुरादाबाद पहुंचे तो पूरे मोहल्ले में मातम छा गया।मृतकों की पहचान वसीम (26) और रेहमान (30) के रूप में हुई है। दोनों युवक पिछले करीब दो वर्षों से अहमदाबाद की लकड़ी की फैक्ट्री में पेंटर का काम कर रहे थे। परिजनों के अनुसार, वह कुछ दिन पहले ही छुट्टी बिताने घर आए थे और एक सप्ताह पहले दोबारा काम पर गुजरात लौटे थे।बताया जा रहा है कि शनिवार रात फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। उस समय फैक्ट्री के अंदर केवल वसीम और रेहमान ही मौजूद थे। आग लगते ही फैक्ट्री में धुआं भर गया और हालात इतने बिगड़ गए कि दोनों बाहर नहीं निकल सके। कमरों में फंसे दोनों युवकों की दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन तुरंत एंबुलेंस लेकर अहमदाबाद रवाना हो गए। पोस्टमार्टम और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों के शव मुरादाबाद लाए गए। शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे इलाके में शोक के लहर दौड़ गई।परिजनों ने बताया कि इस पूरे मामले में अहमदाबाद पुलिस का काफी सहयोग मिला, जिसके चलते जरूरी कार्रवाई जल्द पूरी हो सकी।

हादसे ने परिवार के साथ-साथ पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# तहसीलदार के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन आज भी रहा जारी



**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन आज भी जारी रहा बतादें कि शुक्रवार को नजारत कर्मी और अधिवक्ता के बीच हुई हाथापाई के बाद माहौल गर्माया था बात तब बिगड़ी जब तहसीलदार ने वकीलों की साइड के गेट में ताला लगवा दिया। अधिवक्ताओं ने इस पर नाराजगी जाहिर की ताला तो खुल गया मगर वकीलों ने उनकी अदालत के कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया। सोमवार को तहसील खुली तो वकीलों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जो कि आज भी जारी रहा। इससे बादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन में कोमल सिंह चरण सिंह ढाका यशवीर सिंह कपिल यादव कपिल बिश्नोई डॉक्टर विनीत नैन महावीर सिंह लोकेश चौधरी बृजेश कुमार संजीव कुमार विजयवीर सिंह प्रमोद शर्मा प्रदीप कुमार दीपक बिश्नोई सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### एसएसपी के निर्देश पर बैंक चेकिंग अभियान, एटीएम व बैंकों के आसपास संदिग्धों की सघन जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से मंगलवार को विशेष बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों, एटीएम और उनके आसपास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस टीमों ने बैंक परिसरों में लगे सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और शाखा प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और तत्काल सूचना देने के निर्देश भी दिए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने बैंक आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और वाहनों की जांच कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बैंक, एटीएम और अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस मौके पर महिला उप निरीक्षक छाया बालियां बिलारी पुलिस प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी आपराधिक घटना को समय रहते रोका जा सके।

### भारतीय किसान यूनियन तोमर का 7वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बिलारी।** मंडल कार्यालय बिलारी पर भारतीय किसान यूनियन तोमर का सातवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और संगठनात्मक एकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष काशिद हुसैन के नेतृत्व में किया गया, जबकि अध्यक्षता मंडल प्रवक्ता महावीर सिंह उर्फ अन्ना ने की। इस अवसर पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दीं। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, किसानों के हितों की रक्षा और भविष्य की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। स्थापना दिवस समारोह में मंडल के ग्राम अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा संभल के जिला अध्यक्ष हाशिम तुर्की, मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन तोमर लगातार किसानों की आवाज को बुलंद कर रही है और आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए किसान हितों के लिए संघर्ष जारी रखा जाएगा।

### दिन में हुई मौत और रात को रिक्शा चोरी ग्रामीणों में दिखाई दिया आक्रोश



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी निवासी शाहिद रिक्शा चलाकर परिवार का पेट पालता था लेकिन कल अचानक उसकी मौत हो गई उसकी रिक्शा घर के बाहर तलाइबाला मुहल्ले में खड़ी थी गढी बाजार स्थित शफीक ने भी परिवार का पालन पोषण करने के लिए ई रिक्शा खरीदी थी जिसका नंबर भी अभी नहीं आया था लेकिन रात को चोर दोनों रिक्शाओं को चुराकर ले गए सुबह रिक्शा चालको की आंख खुली तो घटना का पता लगा लोगों ने रिक्शाओं की तलाश शुरू की तो रॉयल बैंक्विट हॉल के पास चल रही प्लाटिंग में दोनों रिक्शा तो मिल गई लेकिन मृतक साहिद की रिक्शाक की बैटरी गायब थी लोगों का कहना था कि सफीक की रिक्शा नई होने के कारण चोर बैटरी नहीं उठा पाए और शाहिद की रिक्शा की बैटरी लेकर फरार हो गए। घटना का पता लगते ही मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गई सूचना देने पर पुलिस भी पहुंची और इस मामले में जानकारी की गांव के लोगों ने मृतक की रिक्शा चोरी करने वाले चोरों के प्रति काफी आक्रोश व्यक्त किया है।

# कुत्तों का बढ़ता आतंक, रोज 50 तक मरीज अस्पताल पहुंच रहे, दिसम्बर में 900 से अधिक मामले दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी से कुत्ता काटने के मामलों को लेकर बेहद चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। चिकित्सा अधीक्षक राजपाल ने बताया कि बिलारी ब्लॉक क्षेत्र में प्रतिदिन 30 से 50 लोग कुत्ते के काटने के बाद इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें नए और पुराने दोनों तरह के मरीज शामिल हैं। बीते माह दिसंबर में हालात और भी गंभीर रहे। चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार, दिसंबर महीने में कुत्ता काटने के कुल लगभग 919 मामले दर्ज किए गए, जिनमें कुत्तों के साथ-साथ बंदर और बिल्ली के काटने के केस भी शामिल हैं। लगातार बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। डॉ राजपाल ने बताया कि कई मामलों में मरीजों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई, जबकि कुछ गंभीर मामलों में कैटेगरी-3 के अंतर्गत एआरएस वैक्सीनेशन कराना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआरएस वैक्सीन उन मरीजों को दी जाती है, जिन्हें किसी गर्म खून वाले जानवर ने चेहरे, सिर या गर्दन के ऊपर काटा हो। ऐसे



मामलों को बेहद संवेदनशील और खतरनाक माना जाता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में फैली गलत परंपराओं पर भी चिंता जताई। बताया कि आज भी कई लोग कुत्ते के काटने पर जख्म पर मिर्च, मसाला, हल्दी या अन्य घरेलू नुस्खे लगा लेते हैं, जो पूरी तरह गलत और खतरनाक है। इससे संक्रमण बढ़ने का खतरा कई गुना हो जाता है। चिकित्सा अधीक्षक ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी जानवर के काटने पर सबसे पहले जख्म को 20 मिनट तक लगातार बहते पानी और साबुन से अच्छी तरह धोना चाहिए। किसी भी तरह की पट्टी, तेल, मिर्च या मसाला न लगाएं और तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन अवश्य लगवाएं। उन्होंने यह भी बताया कि अब सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को समय पर इलाज मिल सके। बिलारी और आसपास के इलाकों में कुत्तों के बढ़ते हमलों ने आमजन में दहशत का माहौल बना दिया है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

# एसआईआर प्रक्रिया तेज: 25859 मतदाताओं को जारी होंगे नोटिस

## 21 जनवरी से शुरू होगी सुनवाई: एसडीएम विनय कुमार सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील सभागार बिलारी में उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) नोटिस निर्गमन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एईआरओ (असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर) सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान नोटिस निर्गमन की कार्यप्रणाली और सुनवाई प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बिलारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 25,859 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे, जिन्होंने वर्ष 2003 की मैपिंग के दौरान अपने आवश्यक विवरण उपलब्ध नहीं कराए थे। इन सभी मतदाताओं को बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर नोटिस वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नोटिस का वितरण आज से प्रारंभ हो रहा है, जबकि इन नोटिसों पर सुनवाई की प्रक्रिया 21 जनवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगी, जो चुनाव आयोग के निर्देशानुसार संचालित की जाएगी। सभी सुनवाई तहसील परिसर में एसडीएम के अधीन एईआरओ द्वारा की जाएंगी। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि नोटिस पर यह विवरण अंकित होगा कि संबंधित मतदाता को किस तारीख, किस समय, किस स्थान पर और किन दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना है। इस चरण में वे सभी मतदाता शामिल हैं जिन्होंने अपने मैपिंग से जुड़े विवरण अब तक नहीं दिए हैं। उन्होंने बताया कि नोटिस निर्गमन की कार्यवाही स्वयं उनके स्तर से और 10 एईआरओ के माध्यम से की जाएगी, जो चार अलग-अलग स्थानों पर बैठकर सुनवाई करेंगे। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार, प्रत्येक एईआरओ व ईआरओ प्रतिदिन 150 मतदाताओं की सुनवाई कर सकता है।

एसडीएम विनय कुमार सिंह ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें, नोटिस का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, ताकि प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी मतदाता को इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो वह उप जिलाधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकता है या सीयूजी नंबर पर बात कर अपनी समस्या का समाधान करा सकता है।

# मोडिफाइड वाहनों से बच्चों को ढोने पर लगाई रोक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** डीएम ने मोडिफाइड वाहनों से स्कूली बच्चों को ढोने पर रोक लगा दी है। साथ ही हिदायत दी है कि स्कूल संचालकों को लिखित तौर पर देना होगा कि स्कूली वाहनों में सुरक्षा के मानक पूर्ण है। डीएम अनुज सिंह ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के बच्चों के लिए उपलब्ध बसों की फिटनेस जांच आरटीओ को शत प्रतिशत कराना होगा। बसों के ड्राइवर और हेल्पर का चरित्र सत्यापन भी अनिवार्य किया गया है। इसके साथ साथ बस ड्राइवरों और हेल्परों का स्वास्थ्य परीक्षण कराना जरूरी होगा। ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि अनधिकृत रूप से मॉडिफाइड या इलेक्ट्रिक फिटिंग के तौर पर बदले हुए वाहनों से स्कूली बच्चों के परिवहन में प्रयोग किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। माध्यमिक या बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी लिखित रूप से देना होगा कि स्कूली वाहनों में महिला या पुरुष अटेंडेंट अनिवार्य रूप से तैनात किया गया है।

# अक्का पांडे गोशाला में घोर लापरवाही गोवंश की मौत पर हिंदू संगठनों में उबाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत अक्का पांडे की सरकारी गौशाला की बदहाल स्थिति और घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय गौरक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज साबरी ने सख्त नाराजगी जताई है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार को भारतीय गौरक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर मनोज सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज साबरी को दूरभाष पर सूचित किया कि अक्का पांडे स्थित सरकारी गौशाला की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि गौशाला में गौमाता की सेवा के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है और जमीनी हकीकत सरकारी दावों के विपरीत है।स्थानीय लोगों और संगठन का आरोप है कि गौशाला के संचालन के लिए आने वाले भारी सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। गौशाला में चारे, पानी और रखरखाव की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते गोवंश की स्थिति दयनीय बनी हुई है रोज एक या दो गोवंश की गौशाला में मृत्यु हो रही है। इस लापरवाही पर प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज साबरी ने गहरा रोष व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज साबरी द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई। शिकायत मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में आला अधिकारी अक्का पांडे गौशाला निरीक्षण के लिए पहुंचे।

अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया और व्यवस्थाओं को देखा, गौशाला में गोवंशो के साथ लापरवाही बरतने वाले ग्राम प्रधान के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# कड़ाके की ठंड के चलते अब 17 तक स्कूलों में अवकाश रखने के निर्देश

**कांठ( शाह टाइम्स )** कड़ाके की ठंड के चलते अब नर्सरी कक्षा से 8 तक के विद्यालयों में 17 जनवरी तक अवकाश रखने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने जारी किए हैं। बतादे कि जनपद में शीतलहर और घने कोहरे के चलते छात्र छात्राओं को स्कूल आने जाने और वहां पढ़ाई करने में दिक्कत होनी थी इससे उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था। जिला अधिकारी की अनुमति के उपरांत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने जनपद के सभी परिषदीय मान्यता प्राप्त सहायता प्राप्त राजकीय कस्तूरबा गांधी एवं अन्य सभी बोर्ड के नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यालय को 17 जनवरी तक बंद रखने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का शुक्रवार को होगा शुभारंभ

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 16 जनवरी शुक्रवार को होगा उक्त जानकारी प्रधानाचार्य मदन सिंह ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

पदम् सिंह ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम दोपहर 1बजे होगा। जिसमें गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे और इस शिविर के दौरान विभिन्न तरह के कार्यक्रम सात दिनो तक संचालित होते रहेंगे।

# वाराणसी की घटना को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**मुरादाबाद।** वाराणसी में हाल ही में घटी एक गंभीर घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। इसी क्रम में बुधवार को शहर के सिविल लाइंस स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस पार्टी की ओर से जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की कांग्रेस नेताओं ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि पीड़ितों को जल्द न्याय नहीं मिला तो पार्टी अपने आंदोलन को और तेज करेगी और सड़कों पर उतरकर बड़ा संघर्ष करेगी। प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी नारे गूंजते रहे और माहौल काफी गरमाया रहा।हालांकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बराही लालपुर
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 14.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बराही लालपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्र्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 29.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 29.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब्रहम्म सिंह के घर से राजवीर के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 118 मी0 | 563221 | 100 | 2% | 3 माह |
| | चन्द्रपाल के घर से बुद्वा के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 114 मी0 | 455858 | 100 | 2% | 3 माह |
| | धर्मेश के घर से दिवाकर के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 892544 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बराही लालपुर, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सत्तीखेड़ा
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 14.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सत्तीखेड़ा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्र्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 29.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 29.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर स्कूल से सोनू डीलर के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 99 मी0 | 425467 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | विपिन के घर से सलीम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 96 मी0 | 475065 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | धर्मपाल के घर से अशोक के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 50मी0 | 214667 | 100 | 2% | 3 माह |
| 4 | चरन सिंह के घर से तालाब तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 46मी0 | 329851 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सत्तीखेड़ा, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# टीएमयू में स्वामी विवेकानन्द की पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ, सत्रह तक चलेगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में स्वामी विवेकानन्द विचार दर्शन-विशेष पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य स्टुडेंट्स को स्वामी विवेकानन्द के जीवन, दर्शन और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों से परिचित कराना है।

टीएमयू कैंपस में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स डॉ. मंजुला जैन, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. एसके जैन, संयुक्त कुलसचिव वैभव रस्तौगी ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर बारी-बारी से माल्यार्पण करके प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, चीफ वार्डन डॉ. विपिन जैन, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. रत्नेश जैन, फार्मेसी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. आशु मित्तल समेत मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज आदि के सैकड़ों स्टुडेंट्स ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह जानकारी देते हुए यूनिवर्सिटी की चीफ लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन ने बताया, टीएमयू परिसर में 17 जनवरी तक प्रतिदिन स्टुडेंट्स कॉलेज वार पुस्तकों का अवलोकन करेंगे।

## खोया-पाया सूचना

आम जनता को सूचित करता हूं कि सुमित आनन्द पुत्र सुभाष आनन्द मेरे मकान स्थित न्यू खुशहाल नगर तहसील व जिला मुरादाबाद का असल बैनामा बुध बाजार के आस पास कही गिर गया है जिसका मूल विक्रय पत्र दिनाक 18/02/1982 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 191 पेज 199/200 क्रमांक 211 है वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है।

सुमित आनन्द पुत्र सुभाष आनन्द निवासी न्यू खुशहाल नगर नियर शिवाला मंदिर स्टेशन रोड मुरादाबाद मोबाइल नंबर-9837074395

## कार्यालय ग्राम पंचायत मलवाड़ा उर्फ मानपुर
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 13.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मलवाड़ा उर्फ मानपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्र्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 28.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पी.डब्लू.डी रोड से मौ. रफी के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 186892 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | पी.डब्लू.डी रोड से गुलाम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 285073 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | आर.सी.सी. रोड से फहीम के मकान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 32 मी0 | 141441 | 100 | 2% | 3 माह |
| 4 | आर.सी.सी. रोड से शाकिर के मकान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 40 मी0 | 138474 | 100 | 2% | 3 माह |
| 5 | पी.डब्लू.डी रोड से पप्पू के प्लाट तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 78 मी0 | 343089 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत मलवाड़ा उर्फ मानपुर, वि०ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चक लोहर्रा
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 14.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चक लोहर्रा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्र्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 29.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 29.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सड़क से राहत अली के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 62 मी0 | 233686 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | सड़क से मुश्ताक के घर से होते हुए नाजिर के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 54 मी0 | 201103 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | खड़न्जे से मुकर्रम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 127 मी0 | 632347 | 100 | 2% | 3 माह |
| 4 | पक्की सड़क से मुबारक के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 80 मी0 | 415484 | 100 | 2% | 3 माह |
| 5 | पक्की सड़क से शाहरूख के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 120 मी0 | 578554 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत चक लोहर्रा, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# जीआरपी व आरपीएफ संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई, रेलवे स्टेशन से दो तस्करों को भारी मात्रा में गांजा सहित दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से कुल 54 किलो 810 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है।




रेलवे अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश और पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग मुरादाबाद के निर्देश और क्षेत्राधिकारी रेलवे मुरादाबाद के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी मुरादाबाद के नेतृत्व में जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने स्टेशन परिसर में चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद राजिब पुत्र मोहम्मद सुलेमान निवासी लाल चौक बरबसा, थाना लाल चौक, श्रीनगर जम्मू-कश्मीर, तथा किशना चौहान उर्फ हर्षित पुत्र दिलीप चौहान निवासी कोट बाजार, थाना पयागपुर, जिला बहराइच, के रूप में हुई है।

पुलिस ने तलाशी के दौरान मोहम्मद राजिब के पास से दो ट्रॉली बैग से 18.730 किलो और 9.270 किलो गांजा तथा किशना चौहान के पास से हरे और काले रंग के ट्रॉली बैग से 18.550 किलो और 8.260 किलो गांजा बरामद किया गया। कुल मिलाकर 54 किलो 810 ग्राम गांजा पकड़े गए तस्करों के कब्जे से बरामद हुआ है।बरामदगी के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना जीआरपी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। और दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो ट्रेनों के माध्यम से गांजा एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाकर अपने गांव और शहरों में बेचते थे।

इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों से भी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

## घने कोहरे में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस का अभियान, वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में थाना बनियाठेर पुलिस ने यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से बढ़ती ठंड एवं घने कोहरे को देखते हुए सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोहरे के कारण होने वाली संभावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए, ताकि कम दृश्यता की स्थिति में वाहन दूर से ही स्पष्ट दिखाई दे सकें। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित गति से वाहन चलाने, लाइटों के समुचित प्रयोग तथा दुर्घटनाओं से बचाव से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे कोहरे एवं ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतें, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित वाहन संचालन कर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### एसएम कॉलेज चन्दौसी की प्रबंध समिति भंग, डीएम संभल बने प्राधिकृत नियंत्रक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग-2 द्वारा जारी आदेश 14 जनवरी 2026 के अनुसार एस.एम. कॉलेज चन्दौसी की प्रबंध समिति को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा-58 के अंतर्गत भंग कर दिया गया है। शासन ने जिलाधिकारी संभल को आगामी एक वर्ष अथवा नई वैध प्रबंध समिति के गठन तक (जो पहले हो) कॉलेज का प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त किया है। शासनादेश में उल्लेख है कि कॉलेज के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं, प्रशासनिक अव्यवस्था, विशेष ऑडिट में असहयोग, अभिलेख उपलब्ध न कराने तथा विभिन्न जांचों में बाधा उत्पन्न करने के गंभीर आरोप सामने आए। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में याचिकाएँ लंबित होने के बावजूद विशेष ऑडिट पर कोई स्थगन आदेश पारित नहीं हुआ। कुलपति गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद, निदेशक उच्च शिक्षा, जिलाधिकारी संभल तथा पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की संस्तुतियों के आधार पर शासन इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि कॉलेज में प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं वित्तीय अनुशासन बनाए रखने हेतु प्रशासक नियुक्ति आवश्यक है।

### महिलाओं व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी



चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत बुधवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटीरोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

### दहेज उत्पीड़न, मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** विवाहिता के साथ दहेज की मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोपों में कोतवाली पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि करीब छह माह पूर्व तारिक अशरफ पुत्र कामिल हुसैन ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया और इसी दौरान उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने इसकी शिकायत करने का प्रयास किया तो सामाजिक बदनामी का हवाला देकर मामला दबा दिया गया। इसके बाद 19 अक्टूबर 2025 को सामाजिक दबाव में पीड़िता का निकाह करा दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि निकाह के कुछ दिन बाद ही पति तारिक अशरफ, उसकी मां शकीना, भाई आकिब जावेद तथा बहन मोहसिना ने दहेज में दो लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा और कई बार उसके साथ मारपीट भी की गई।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

ठाकुरद्वारा। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान घेराबंदी कर एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं। कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार हैड कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कॉस्टेबल सचिन कुमार के साथ शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहै थे तभी नागनाथ मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिया के आगे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 910 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम राकेश पुत्र राजपाल निवासी रतूपुरा बताया।

# थाना गलशहीद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

**मुरादाबाद।** जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गलशहीद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी कटघर के पर्यवेक्षण में थाना गलशहीद पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक गिरोह का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। थाना गलशहीद पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो संदिग्धों को रोककर पूछताछ की। उनकी पहचान मोहम्मद सादाब पुत्र अब्दुल कलाम निवासी कुँवर साहब वाली गली बरबलान, थाना मुगलपुरा,हाल निवासी गली नंबर 09 करुला, थाना कटघर और बिलाल पुत्र फिरासत निवासी कुँवर साहब वाली गली बरबलान, थाना मुगलपुरा जनपद, मुरादाबाद के रूप में हुई। तलाशी के दौरान इनके पास से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि थाना गलशहीद और थाना कटघर क्षेत्र से दिन और रात के समय वह मोटरसाइकिलें चोरी करते थे। आरोपी बिलाल मोटरसाइकिल मैकेनिक है, जो न बिकने वाली चोरी की मोटरसाइकिलों के पुर्जे निकालकर अन्य वाहनों में लगाकर अवैध लाभ कमाता था। चोरी से प्राप्त धनराशि दोनों आरोपी आपस में बांटकर अपने निजी खर्चों में इस्तेमाल करते थे।पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और उनके खिलाफ थाना गलशहीद एवं थाना कटघर में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।



# राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में जिले के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भोपाल एवं दिल्ली में 11 दिसंबर 2025 से 04 जनवरी 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई, जनपद संभल के निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का गौरव बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई से कुल सात निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया और विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले निशानेबाजों में नैतिक तिवारी (एयर राइफल), मृत्युंजय सिंह पनवार (एयर पिस्टल), आराध्य यादव (एयर राइफल), आराध्या वार्ष्णेय (एयर पिस्टल), गौरव (एयर राइफल), युवराज (एयर राइफल) तथा सुरेंद्र सिंह (एयर राइफल) शामिल रहे। सभी खिलाडिघ्यों ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ निशानेबाजी कर सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से वापस लौटने पर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैसिया ने सभी निशानेबाजों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाडियों की यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी संभल गोरखनाथ भट्ट ने खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप वर्मा, उप क्रीड़ाधिकारी प्रमिला भारती, शूटिंग कोच मयंक कुमार, सतीश तिवारी एवं नीरज कुमार उपस्थित रहे। सभी ने खिलाडियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना की।

इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई के प्रशिक्षक मयंक कुमार ने बताया कि यह सफलता खिलाडियों की एक वर्ष की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

# आत्महत्या का मामला: पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली, जिसके बाद उसकी पत्नी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उसके पति को कुछ लोगों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उन्होंने आत्महत्या कर ली।



उपेंद्र चौधरी का फाइल फोटो।

पीड़िता श्रीमती इंदू चौधरी ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनके पति स्वर्गीय उपेन्द्र चौधरी की मुरादाबाद रोड, महाराणा प्रताप चौक के पास एक दुकान थी। पिछले लगभग 15 दिनों से थाना बिलारी क्षेत्र के कुछ व्यक्तियों, जिनके नाम बब्लु सक्सेना, प्रदीप, राजू गुप्ता, टूईया उर्फ गंगा प्रसाद तथा राजेश हैं, द्वारा उनके पति को लगातार परेशान किया जा रहा था। उक्त व्यक्ति उनके पति से अवैध रूप से रुपये मांगते थे, धमकाते थे तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे, जिससे उनके पति अत्यधिक परेशान रहने लगे थे। पीड़िता ने बताया कि उनके पति ने आत्महत्या से पूर्व एक लिखित नोट भी छोड़ा था, जिसमें उन्होंने उक्त नामजद व्यक्तियों द्वारा की गई मानसिक प्रताड़ना, अवैध वसूली एवं धमकी का स्पष्ट उल्लेख किया है। उन्होंने बताया कि उनके पति ने इन्हीं व्यक्तियों की निरंतर प्रताड़ना से तंग आकर यह आत्मघाती कदम उठाया। पीड़िता ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में उन्होंने बाना बिलारी में लिखित तहरीर दी, जिस पर थाना बिलारी द्वारा थ्प्त संख्या 12 सन् 2026 धारा 108 भारतीय न्याय संहिता, के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। लेकिन आज तक किसी भी नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं की गई है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को भय एवं असुरक्षा की भावना बनी हुई है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना की है कि कृपया थाना बिलारी को निर्देशित करने की कृपा करें कि उपरोक्त थ्प्त संख्या 12 सन् 2026 में नामजद अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, विवेचना निष्पक्ष, प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से कराई जाए तथा प्रार्थिनी एवं उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक आदेश पारित करने की मांग की है।



## सड़क हादसे में युवक घायल बाइक चालक पर मुकदमा

**ठाकुरद्वारा।** जसपुर क्षेत्र के भायपुर मोड़ पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटर साइकिल की पशु टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी हरगोविन्द सिंह ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र अनमोल चौहान दिनांक 13 दिसंबर 2025 को जसपुर क्षेत्र में भायपुर मोड़ पर सवारी के इंतजार में खड़ा था। इसी दौरान मोटर साइकिल के चालक ने उसे मोटर साइकिल पर बैठा लिया और वाहन को तेज व लापरवाही से चलाने लगा। मना करने के बावजूद चालक ने गति कम नहीं की। बताया गया कि दोपहर लगभग 2.30 बजे ग्राम भायपुर के पास मोटर साइकिल एक आवारा पशु से टकरा गई, जिससे अनमोल चौहान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पहले उत्तरखंड के एक निजी अस्पताल, ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे दिल्ली स्थित सरगंगाराम अस्पताल रेफर कर दिया।

# भगवान शिव परिवार की स्थापना से पूर्व निकाली कलश यात्रा

## 108 कलश यात्रा का नगर मे जगह जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला जमुना वाला वार्ड नंबर 10 में कश्यप शिव मंदिर में भगवान शिव परिवार और शिवलिंग की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ की गई । शिव परिवार और शिवलिंग स्थापना से पूर्व मोहल्ला जमुना वाला कश्यप शिव मंदिर से 108 कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकल गई। यात्रा में महिलाएं सर पर कलश रखकर पीले वस्त्रधारण कर भगवान भगवान शिव के जय जयकार और भगवान कीर्तन करती चल रही थी। वहीं पुरूष श्रद्धालु भी भगवान शिव के भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। भगवान शिव के जयकारो और भजनो से माहौल भक्ति में हो गया। कलश यात्रा शिव मंदिर से होते हुए बड़े बाजार,कोतवाली, बस स्टैंड से होते हुए छहराहा से शिव मंदिर पर पहुंची जहां पर यजमान पंडित आकाश मिश्रा ने विधि विधान से शिव भगवान के शिवलिंग और शिव परिवार की स्थापना कराई। मंदिर परिसर में इस उपलक्ष में शुक्रवार को भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा है। इस मौके पर विजेंद्र सिंह अरुण कुमार प्रदीप जगदीश सुरेश भगत जी कलवा बिजलाल निखिल नन्हे अर्जुन शंकर गीत अनीता सुनीता कविता कृष्णा रेखा शारदा सावित्री आदि लोग मौजूद रहे।



## धूं धूंकर जला ट्रांसफार्मर, मची भगदड़

**ठाकुरद्वारा।** नगर में स्योहारा मार्ग पर स्थित कदीर तिराहा पर लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। जिससे आसपास में खड़े फल विक्रेताओं में भगदड़ मच गई। वह अपने ठेले को बचाने में इधर-उधर भागने लगे। ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत सप्लाई ठप कर दी। तब लोगों ने राहत की सांस ली। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग लगने से ट्रांसफार्मर पूरी तरह से जल गया।


**सार्वजनिक सूचना**

सार्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर बी-621, लाजपत नगर, मुरादाबाद जोकि **खैरुन्निसा बनाम इनाम इलाही** मुकदमा नम्बर-638/2025 मा0 न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0) मुरादाबाद में मुकदमा विचाराधीन है। कोई साहब इसे खरीदने की कोशिश न करें, अन्यथा उसके खिलाफ एफ0 आई0 आर0 कराकर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी, एवंम् वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **श्रीमती खैरुन्निसा पत्नी अतीकुर्रहमान निवासी: मटिया महल, दिल्ली।**

**खोया पाया सूचना**

रूहेलखण्ड विश्वविद्यालया बरेली के केदार नाथ गिरधारी लाल खत्री कालेज मुरादाबाद से विधि स्तानक वर्ष 2010 रोल न0 - 1931763 तथा इनरोलमेण्ट नं0- 0711034/(37) है। जिसमें विधि स्तानक की अंतिम वर्ष (फाइनल ईयर) की अंकतालिका (मार्कशीट) तथा डिग्री (प्रमाण पत्र) वास्तव में कहीं खो गए है।

**दिवेश कुमार पुत्र सोमपाल सिंह निवासी मोहल्ला होलिका मंदिर ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**उत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर निम्न टेन्डर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No./Date | 288-DRM-MB-25-26 Date: 14.01.2026 |
| Name of work | Provision of general deluxe cum specially-abled people friendly toilet and heavy repair to existing toilets in DRM Office campus & Improvement of facilities such as development of infrastructure like children park, open gym, Replacement of Badminton hall roof, covering of cricket practice pitch etc. at Railway Stadium, Moradabad located in Railway North Colony under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date/Time | 11.02.2026 |
| Advertised Value(₹) | ₹72,32,357.79 |
| Earnest Money(₹) | ₹1,44,700/- |
| Tender Cost(₹) | 0.00 |
| Bidding Start Date | 28.01.2026 |
| Period of Completion | 06 Months |

पत्रांक: 75/W/2/3/WA/Publication दिनांक 14.01.2026 142/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय नगर पंचायत कुन्दरकी, मुरादाबाद।**

पत्रांक सं0:- 288/न0पं0सु0/2025-26 दिनांक:- 14.01.2026

**कुटेशन/निविदा**

समस्त पंजीकृत आर्केटेक्चरो / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुन्दरकी, मुरादाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि से नगर में मूलभूत सुविधाओ के विकास के दृष्टिगत कराये जाने वाले कार्यो के आर्केटेक्चर के माध्यम से मात्र बिल्डिंग कार्य हेतु आगणन, ड्राईंग व स्टेक्चर बनवाये जाना अति आवश्यक है। अतः इच्छुक अनुभवी आर्केटेक्चर/फर्मो कार्यालय नगर पंचायत कुन्दरकी में दिनॉक-15.01.2026 से दिनॉक:-24.01. 2026 को शाम 5:00 बजे तक अपनी निविदा/कुटेशन प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त कुटेशनें दिनॉक-25.01.2026 को सायं 4:00 बजे उपस्थित सभी आर्केटेक्चरो / फर्मो के समक्ष अध्यक्ष महोदया /अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कुन्दरकी मुरादाबाद के संयुक्त हस्ताक्षरो द्वारा खोले जायेंगे। किसी भी कुटेशन को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित रहेगा। निविदा की शर्ते कार्यालय नगर पंचायत कुन्दरकी में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुन्दरकी, मुरादाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुन्दरकी, मुरादाबाद।**


# अंबेडकर पार्क के पास खोखा रखे जाने को लेकर हुआ विवाद, पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत

**चन्दौसी।** नगर के खुर्जा गेट स्थित अंबेडकर पार्क के पास खोखा रखवाने को लेकर बुधवार को उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब मोहल्ले के कुछ लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया, जबकि कुछ लोगों ने खोखा रखे जाने को सही बताया। इस मामले को लेकर अधिशासी अधिकारी से भी शिकायत की गई थी। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। बताया गया कि विशू पुत्र दीपक काफी वर्षों से उक्त स्थान पर खोखा रखकर गुटखा आदि बेचकर अपनी आजीविका चला रहा है। वाल्मीकि समाज के लोगों का कहना है कि यह खोखा कई दशकों से यहां रखा हुआ है और अब यह काफी जर्जर अवस्था में है। हाल ही में जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए थे, जिसके अनुपालन में अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, आरआई ऋषभ सिंह, प्रमोद वाल्मीकि एवं अन्य नगरपालिका कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और अंबेडकर पार्क के सामने खोखा रखवाने की प्रक्रिया शुरू कराई। इसी दौरान वहां मौजूद महिलाओं एवं आसपास के लोगों ने विरोध जताया। उनका कहना था कि खोखे पर लोग एकत्र होकर शराब आदि का सेवन करते हैं और गाली-गलौज करते हैं, जिससे माहौल खराब होता है। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी के पास खोखे से संबंधित कोई वैध आदेश या अनुमति है, तो वह नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस बीच मौके पर पूर्व सभासद राजू पाल भी पहुंच गए। उन्होंने कहा कि जब सरकार अतिक्रमण हटा रही है, तो बिना किसी आदेश के खोखा किस आधार पर रखा जा रहा है। करीब आधे घंटे तक खोखे को लेकर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक होती रही। कुछ लोगों से दस्तावेज भी मांगे गए, जिन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में भी इस खोखे को लेकर विवाद हो चुका है और वे इसे दोबारा नहीं लगने देंगे। स्थिति बिगड़ती देख सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। वहीं वाल्मीकि समाज के कुछ लोगों ने दोहराया कि खोखा कई दशकों से यहां स्थित है और विशू की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर है। फिलहाल जिलाधिकारी के आदेश का पालन करते हुए अधिशासी अधिकारी ने खोखा रखने का प्रस्ताव रखा, लेकिन अंतिम निर्णय आदेश एवं दस्तावेजों के आधार पर ही लिया जाएगा।

## दिव्या ज्योति कलश यात्रा का चांदपुर सहित विभिन्न ग्रामों में भावपूर्ण स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी दिव्या ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ प्रात: भगतपुर के चांदपुर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गायत्री यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञोपश्चात् दिव्य ज्योति कलश यात्रा लौंगी कलां की ओर प्रस्थान कर पहुँची। चांदुपर में गायत्री परिजनों एवं ग्रामवासियों ने श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति भाव से दिव्या ज्योति कलश के दर्शन किए। वातावरण "गायत्री माता की जय" के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा, दीप प्रज्वलन एवं श्रद्धापूर्वक दर्शन कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने गायत्री परिवार के विचारों-नैतिकता, सद्भाव, संस्कार और राष्ट्र निर्माण ,पर प्रकाश डालते हुए दिव्या ज्योति कलश यात्रा को जन-जन में चेतना जाग्रत करने वाली प्रेरणास्रोत बताया। इस मौके पर डॉ0 लखपत सिंह, विकास चौधरी, राजीव अरोरा, विक्रम अरोरा, वेगपाल सिंह, अजब चौधरी, मुनेश शर्मा, राधा देवी, बीना देवी, छाया देवी, सर्वेश देवी आदि मोजूद रहे।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सम्पादकीय

**गुरुवार, 15 जनवरी 2026**

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में दो सप्ताह से भी अधिक समय से हिंसा और विरोध प्रदर्शन जारी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मानें, तो बुधवार तक 2572 लोगों की जान अब तक जा चुकी है, जोकि निश्चित रूप से बड़ा आंकड़ा है और जो यह बताने के लिए काफी है कि ईरान में हालात बद से बदतर की ओर जा रहे हैं। हालात के नाजुकपन को देखते हुए भारत ने भी अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने जारी अपनी एडवाइजरी में भारतीय लोगों से ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह दी है। बताते चलें कि ईरान में विरोध प्रदर्शन पिछले महीने आखिर में तब शुरू हुए थे जब ईरानी मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी और जैसे अब वहां से समाचार आ रहे हैं, वहां हिंसा और प्रदर्शन की वारदातें देश के सभी 31 प्रांतों तक फैल गई हैं। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी और यह भी कि भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। 1979 की इस्लामी क्रांति की फैली अराजकता की याद ये हिंसक प्रदर्शन दिला रहे हैं, क्योंकि ऐसी अराज.कता इस बीच में नहीं देखी गई। ईरान का कहना रहा है कि अमेरिका व पश्चिमी देश मिलकर ईरान में हिंसक प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। इन प्रदर्शनकारियों में विदेशी अराजक तत्व घुसे हुए हैं। जो सैनिकों, बसों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमले कर रहे हैं और उन्हें भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देश जिस तरह का रवैया दिखा रहे हैं और ईरान को चेता रहे हैं, उससे ईरान का यह दावा गलत भी नहीं लगता। ईरान के लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने अमे.रिका-इजरायल को सीधे चेतावनी दे दी है कि वह उसके मामले में हस्तक्षेप न करें। साथ ही आंदोलनकारियों से सीधे सख्ती से निपटने की बात भी उन्होंने कही है। मौतों का बढ़ता आंकड़ा भी इस ओर इशारा कर रहा है कि उनकी चेतावनी का असर जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान में जो कुछ हो रहा है, उसके पीछे अमेरिका इजरायल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प तो सीधे ईरान को यह कहकर चुनौती दे रहे हैं कि यदि वह प्रदर्शनकारियों के साथ बल का प्रयोग करता है, तो अमेरिका उसके विरुद्ध सीधी सैन्य कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकेगा। वह प्रदर्शनकारियों के साथ हमदर्दी दिखाते हुए कह रहा है कि तुम डटे रहो, अमेरिका उनके साथ खड़ा है। अब कहने के लिए ज्यादा क्या रह जाता है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान अमेरिका व इजरायल जैसे देशों के सामने झुकने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं दिखाई दे रहा है। बल्कि उसने स्पष्ट कर दिया है कि जहां ईरान प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटेगा वहीं यदि किसी ने ईरान पर हमला करने की कोशिश की तो उसका करारा जवाब देगा।

## पूर्व सैनिकों का अनुभव अमूल्य संपत्ति



भारत तेजी से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में पूर्व सैनिकों का अनुभव, नेतृत्व और मूल्य देश के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। उन्होंने ऑपरेशन पवन में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को पहले वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे, सरकार ने भारतीय शांति सेना के सैनिकों के योगदान को खुले तौर पर स्वीकार किया है तथा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक सहित विभिन्न स्तरों पर उन्हें सम्मान दिया जा रहा है, एक रैंक एक पेंशन, भूतपूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के सुदृढ़ीकरण, दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और टेलीमेडिसिन को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए गए हैं।

**–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# गले पड़े पुरस्कार का हो गया तिरस्कार






**निर्मल रानी**

> **गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर-जिम्मेदाराना है।**

प्रसिद्ध हिंदी लेखक, पत्रकार और पटकथा लेखक कमलेश्वर ने सम्मान, एवार्ड अथवा पुरस्कार के विषय पर बातचीत करते हुए एक बार बहुत ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कोई भी सम्मान ग्रहण करने से पहले यह जरूर देखना चाहिए कि सम्मानित करने वाली संस्था या व्यक्ति का स्वयं अपना कितना सम्मान है। ऐसा उन्होंने इसीलिए कहा था कि तमाम लोग व संस्थाएं विशिष्ट लोगों को सम्मानित करने के नाम पर या इसी के बहाने खुद अपनी छवि चमक.ाने या स्वयं की प्रसिद्धि की खातिर तरह तरह के सम्मान समारोह आयोजित करती रहती हैं।

ऐसे में सम्मान या पुरस्कार प्राप्त करने के लिए लालायित रहने वाले लोग तो किसी भी ऐरे गैरे नत्थू खैरे से कोई भी सम्मान लेने पहुंच जाते हैं। यहां तक कि सम्मान हासिल करने के लिए तरह तरह की जुगाड़बाजियां भी करते हैं। परन्तु स्वाभिमानी लोग या ऐसे सम्मान की वास्तविकता को समझने वाले लोग इसतरह के कथित पुरस्कारों व सम्मानों से दूर रहना ही पसंद करते हैं।

कुछ ऐसा ही दृश्य पिछले दिनों उस समय देखने को मिला जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कांग्रेस नेता शशि थरूर को सावरकर के नाम का एक अवार्ड देने की कोशिश की गई परन्तु शशि थरूर ने इसे लेने से इंकार कर दिया। गौर तलब है कि केरल की हाई रेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी नाम के एक एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला अवार्ड देने की कोशिश की थी। HRDS इंडिया को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) या संघ परिवार से संबद्ध माना जाता है। बात बीते वर्ष दिसम्बर माह की है, जब केरल-आधारित इस एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला प्राप्तकर्ता घोषित किया। HRDS इंडिया के अनुसार यह पुरस्कार राष्ट्रीय विकास, सामाजिक सुधार और मानवीय कार्यों के लिए दिया जाता है और इसका नाम विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) के नाम पर रखा गया है, जो भाजपा और संघ परिवार द्वारा सम्मानित व आदर्श पुरुष माने जाते हैं। जबकि कांग्रेस, उदारवादियों और वामपंथी दलों द्वारा उनकी स्वतंत्रता संग्राम में कथित नकारात्मक भूमिका पर सवाल उठाए जाते हैं। यह पुरस्कार सम्मान समारोह 10 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में आयोजित होना प्रस्तावित था। इस आयोजन का उद्घाटन भी भाजपा के वरिष्ठ नेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जाना था। संस्था द्वारा इस पुरस्कार हेतु थरूर का नाम उनके राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हस्तक्षेप और प्रभाव के लिए चुना गया था। परन्तु थरूर ने इस पुरस्कार को स्वीकार करने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उन्हें इस पुरस्कार की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स से मिली थी न कि आयोजकों से।

गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर-जिम्मेदाराना है। पुरस्कार की प्रकृति, प्रस्तुत करने वाली संस्था या अन्य संदर्भों के बारे में स्पष्टता न होने पर, मैं न तो कार्यक्रम में भाग लूंगा और न ही पुरस्कार स्वीकार करूंगा। थरूर ने सावरकर के व्यक्तित्व पर सीधे टिप्पणी नहीं की, लेकिन उनका इनकार कांग्रेस की वैचारिक स्थिति से जुड़ा माना जा रहा है। कांग्रेस में उनके सहयोगियों का मानना था कि सावरकर के नाम पर पुरस्कार स्वीकार करना पार्टी का अपमान होगा व ऐसा करना पार्टी को शर्मिंदा करेगा। थरूर पहले सावरकर पर किताब लिख चुके हैं और उनका कहना है कि सावरकर का अध्ययन जरूरी है, लेकिन आलोचनात्मक रूप से। उधर HRDS इंडिया के आयोजकों ने इस विषय पर यह दावा किया था कि थरूर को इस पुरस्कार के बारे में पहले से जानकारी दी गई थी और उन्होंने अपनी सहमति भी जताई थी। परन्तु थरूर ने संस्था के इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। आखिरकार यह विवाद इतना बढ़ा कि विवाद के बाद न तो सम्मान प्राप्तकर्ता के रूप में शशि थरूर ने कार्यक्रम में शिरकत की ना ही सम्मान देने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में पधारे। परन्तु इस घटना के बाद सावरकर के नाम को लेकर एक बार फिर उनके विवादित व्यक्तित्व को लेकर बहस जरूर छिड़ गई। गौरतलब है कि संघ व भाजपा सावरकर को श्वीर सावरकर श कहकर बुलाती है और एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उन्हें सम्मान देती है। जबकि कांग्रेस उन्हें ब्रिटिश हुकूमत से मुआफी मांगने वाला व्यक्ति मानती है। निश्चित रूप से शशि थरूर का सावरकर सम्मान लेने से इन्कार करना न केवल कांग्रेस में उनकी स्थिति को मजबूत करता है बल्कि वैचारिक रूप से सावरकर की हिंदूवादी राजनीति को भी खारिज करता है।

इस घटना ने संघ व भाजपा परिवार की उस चतुराई को भी एक बार फिर उजागर कर दिया है जिसके तहत वह कांग्रेस अथवा अन्य धर्मनिरपेक्ष व उदारवादी नेताओं को किसी न किसी बहाने अपने साथ खड़ा हुआ दिखाने की कोशिश करती रहती है। साथ ही ऐसा कर उन्हें कांग्रेस में भी वैचारिक रूप से असहज करने का प्रयास करती है। हालांकि संघ व भाजपा की इस नीति से यह सन्देश भी जाता है कि उनके पास इस स्तर के अपनी विचारधारा रखने वाले नेताओं की भी कमी है। चाहे वह महात्मा गांधी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध लगाने वाले कांग्रेस नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाना हो या फिर जून 2018 में कांग्रेस नेता व पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को संघ के तृतीय वर्ष शिक्षा वर्ग समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नागपुर में आमंत्रित करना।


इसी सिलसिले की एक कड़ी के रूप में शशि थरूर को सावरकर सम्मान के नाम पर दिया गया कथित निमंत्रण भी उन्हें कांग्रेस में असहज करने व वैचारिक रूप से उन्हें अपने पक्ष में खड़ा दिखाने का प्रयास था परन्तु यह प्रयास तब उल्टा पड़ गया जब शशि थरूर ने स्वयं इस श्गले पड़ेश पुरस्कार को लेने से इंकार कर उल्टे इस पुरस्कार का ही तिरस्कार कर दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मध्य प्रदेश में उठाएं समुद्री बीच का मजा

**हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।**

मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।



**हनुवंतिया**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

**इस जगह की खासियत**

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का शमिनी गोवाश भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**सैलानियों के लिए क्यों है खास**

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।

**वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस**

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें**

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

...साभार प्रभ.

# भारतीय सेना युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फ्रांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे।1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।

भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बाईं ओर तिरंगा झंडा, दाईं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी।



देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था। आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2025 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास चार हजार से अधिक टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में एक लाख से अधिक आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्यबल में 14।45 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो। भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमे.रिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा।

जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमे.रिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बरेली-बदायूं में शाहनवाज राना को मिला अधिवक्ताओं का समर्थन

## यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ ने की अधिवक्ताओं से अपने लिए वोट व स्पोर्ट की अपील, दोनों जनपदों में हुई मीटिंग

■ यूपी बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहनवाज़ राना उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में दूसरी बार चुनावी मैदान में हैं जिनका क्रमांक संख्या 266 है, इससे पहले भी श्री राना 7 मई 2006 में अपने पहले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव जीतकर सबसे कम आयु में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जो अपने आप में अभी तक उ.प्र. बार काउंसिल में इतिहास है









## बरेली: हजारों की संख्या में मीटिंग में आए अधिवक्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में एक दिन का ही समय बचा है जिसका प्रथम चरण 16-17 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ राना पहले करीब 11 बजे बरेली कलक्ट्रेट पहुंचे और अधिवक्ताओं से मिलकर अपने लिए प्रथम वरीयता का मत एवं समर्थन मांगा उसके बाद सीजेएम कोर्ट के सामने ग्राउंड पंडाल में अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग की जिसमें सैकड़ो अधिवक्तओं ने उपस्थित होकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। मीटिंग में उपस्थित अधिवक्ताओं ने अश्वस्त किया कि पूर्ण समर्थन देकर आपको विजय बनाएंगे। अधिवक्ताओं की उपस्थिति को देखकर शाहनवाज राना गदगद नजर आए। साथ ही उन्होंने कहा की अधिवक्ताओं के सम्मान और प्रतिष्ठा की खातिर हर वक्त में अपने अधिवक्ता भाईयों के साथ खड़ा रहूंगा।

बरेली बार एसोसिएशन के सचिव मनोज हरित की अगुवाई में इमारत हुसैन अंसारी, वसी अहमद, मुश्ताक नसीमुल्लाह, संजीव शंखधर, अनिल अग्रवाल, शशिकांत तिवारी आदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ मीटिंग में पहुंचे इससे पहले कलक्ट्रेट में भी श्री राना ने अधिवक्ताओं से मिलकर वोट मांगे बैठक में अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों, बार काउंसिल चुनाव और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के बाद सभी अधिवक्ताओं ने साथ बैठकर सौहार्दपूर्ण माहौल में लंच भी किया, जिससे आपसी एकता और सहयोग का संदेश दिया गया। इस दौरान शाहनवाज़ राना ने अधिवक्ताओं से संवाद कर समर्थन और सहयोग की अपील की, जिस पर कचहरी परिसर में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। इस दौरान मो. इरफान मुनीम, मुमताज़ अली, जफरूद्दीन मंसूरी, मयूर तलवार, मौ. सुहैल एडवोकेट, अहसान हुसैन एडवोकेट, नदीम अहमद एडवोकेट, नसीम अहमद सिद्दीकी, वरूण कुमार, अमित सिंह, राहुल एडवोकेट, ऋषभ मिश्रा, आदर्श दिवाकर, मुनीब जैदी समेत हजारों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। और उनका भरपूर समर्थन मिला।

## बदायूं में भी अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बरेली में अधिवक्ताओं से मुलाकात के बाद शाहनवाज राना सीधे बदायूं कलक्ट्रेट पहुंचे जहां पर अधिवक्ताओं ने उनका दिल खोलकर स्वागत किया और उनको प्रथम वरीयता का मत देने का भी भरोसा दिलाया जिसके बाद यूपी बार काउंसिल चुनाव के मद्देनजर एडवोकेट शाहनवाज राना ने एक अहम मीटिंग सीटी मॉल में आयोजित की गई जहां पर सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शिरकत की। जिनमें मुख्य रूप से परवेज खान एडवोकेट, देवेश कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, श्याम कुमार दिवाकर, मो. मजरूद्दीन, बदरूल हसन खान, सलीमुद्दीन, फैजान सलीम, मो. शीराज आलम, दिवाकर भारती, सुनीता कुमारी, करन कुमार, नाजीमा, इशरत खातून, रिजवान, शब्बीर, प्रदीप शर्मा, कोकब अहमद, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।





# लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी

## वायरल वीडियो में कहा: कश्मीर को आजादी भीख मांगने से नहीं, हमे जिहाद का झंडा उठाना होगा

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अबू मूसा कश्मीरी ने हिंदुओं की गर्दन काटने की धमकी दी है। उसने यह बयान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है, हालांकि ये कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

वीडियो में अबू मूसा कहता है: कश्मीर मुद्दे का हल सिर्फ आतंकवाद और जिहाद से ही हो सकता है। आजादी भीख मांगने से नहीं, हिंदुओं की गर्दन काटने से मिलेगी। हमें जिहाद का झंडा उठाना होगा। अबू मूसा कश्मीरी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट का मेंबर है। उसका नाम अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भी जुड़ा था। अपने भाषण में अबू मूसा ने पाकिस्तानी नेताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि पाकिस्तान के नेता इस्लामी सिद्धांतों से भटक चुके हैं और जिहाद के रास्ते पर नहीं चल रहे हैं। उसने कहा जो नेता जिहाद के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, उसे पाकिस्तान पर हुकूमत करने का कोई अधिकार नहीं है। मूसा ने दावा किया कि वह पहले भी ऐसे ही बयान मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ हुई एक बैठक में दे चुका है। अबू मूसा पिछले साल 22 अप्रैल में हुए पहलगाम हमले में भी शामिल था। दैनिक भास्कर ने तब पड़ताल की थी कि आखिर पहलगाम अटैक के दौरान पाकिस्तान से आतंकियों को कौन आदेश दे रहा था। इस दौरान दो पाकिस्तानी हैंडलर के नाम मिले थे। पहला अबू मूसा और दूसरा रिजवान हनीफ। दोनों पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के आपरेटिंग कमांडर हैं। इन्हीं दोनों ने मुरीदके में अफगान को ट्रेनिंग भी दी थी। हालांकि, सूत्रों का दावा था कि पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड अबू मूसा ही है। ये सैफुल्लाह कसूरी का करीबी भी है। पहलगाम हमले से 4 दिन पहले 18 अप्रैल को लश्कर के एक कार्यक्रम में अबू मूसा ने कश्मीर में हिंदुओं को मारने का जिक्र किया था।

■ **पाक नेताओं पर इस्लामी सिद्धांतों से भटकने का आरोप, पहलगाम हमले में भी शामिल था अबू मूसा**

### अमेरिका, त्रिनिदाद-टौबेगो, ऑस्ट्रिया के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत में अमेरिका तथा ऑस्ट्रिया के नवनियुक्त राजदूतों और त्रिनिदाद-टोबैगो के नवनियुक्त उच्चायुक्त के परिचय-पत्र बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में स्वीकार किए। अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर, त्रिनिदाद-टोबैगो के उच्चायुक्त चंद्रदत्त सिंह, ऑस्ट्रिया के राजदूत रॉबर्ट जशिग ने राष्ट्रपति से समारोह पूर्वक भेंट कर उन्हें अपने परिचय-पत्र सौंपे। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह समारोह भारत और इन देशों के बीच राजनयिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# इसरो का रॉकेट फेल, फिर भी स्पेनिश सैटेलाइट एक्टिव

## स्पेस से सिग्नल भेजा, सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी बोली: किस रास्ते से पहुंचा, पता लगा रहे

**नई दिल्ली।** इसरो का पीएसएलवी-सी-62 मिशन सोमवार को फेल हो गया। उड़ान भरने के 8 मिनट बाद पीएसएलवी राकेट तय रास्ते से भटक गया। इसी राकेट से एक सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी ने मंगलवार को कहा है कि उसे इसका सिग्नल मिला है। स्पेन की स्टार्टअप कंपनी आर्बिटल पैराडाइम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तकनीकी गड़बड़ी से पहले ही उनका केआईडी (केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर) सैटेलाइट राकेट से अलग हो चुका था। इसी वजह से उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आर्बिटल पैराडाइम ने यह भी बताया कि अब यह पता लगाया जा रहा है कि सैटेलाइट किस रास्ते से अंतरिक्ष में पहुंचा। उसके ट्रैजेक्ट्री से जुड़े पूरे तकनीकी आंकड़े और विश्लेषण बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट के रूप में जारी किए जाएंगे। मिशन फेल होने के बावजूद कैप्सूल का सक्रिय हो जाना स्पेनिश कंपनी के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। यह एक टेस्ट और डेमोंस्ट्रेशन मिशन है, जिसका मकसद भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए तकनीक को परखना था। कंपनी के मुताबिक, केआईडी कैप्सूल का मकसद अंतरिक्ष में कुछ समय तक सक्रिय रहकर सिग्नल और तकनीकी डेटा भेजना था। इसके बाद योजना यह थी कि कैप्सूल धरती के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करे, इस दौरान बनने वाली तेज गर्मी (हीट) को झेले और अंत में समुद्र में गिरकर (स्प्लैशडाउन) अपना मिशन पूरा करे। हालांकि फिलहाल कैप्सूल अंतरिक्ष में ही सक्रिय है। इसरो के मुताबिक पीएसएलवी-सी-62 मिशन थर्ड स्टेज के आखिर में गड़बड़ हुआ। टेलीमेट्री डेटा में पता चला कि राकेट के रोल रेट (घूमने की गति/कंट्रोल) में डिस्टर्बेंस आ गई, यानी राकेट अनियंत्रित होकर घूमने लगा और अपना तय फ्लाइट पाथ छोड़कर भटक गया। इसरो चीफ वी. नारायणन ने कहा कि तीसरे स्टेज के अंत तक प्रदर्शन सामान्य था, उसके बाद रोल रेट में गड़बड़ी और फ्लाइट पाथ में डेविएशन दिखा। फिलहाल इसरो डेटा एनालिसिस कर रहा है।



# ट्रम्प की सैन्य शक्ति को सीमित करने की कवायद तेज

## अमेरिका के सांसदों ने पेश किया सीनेट में विधेयक, ग्रीनलैंड पर हमले के लिए धन नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सांसदों (सीनेटर) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ग्रीनलैंड सहित किसी भी नाटो सदस्य देश या क्षेत्र पर हमला करने या कब्जा करने से रोकने के लिए एक विधेयक पेश किया है। पेश किया गया 'नाटो यूनिटी प्रोटेक्शन एक्ट' विधेयक रक्षा विभाग और विदेश विभाग को किसी भी नाटो सदस्य देश के क्षेत्र की 'नाकेबंदी करने, कब्जा करने, विलय करने या नियंत्रण स्थापित करने' के लिए धन के उपयोग पर रोक लगाने का प्रावधान करता है। इसके अलावा, रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर डॉन बेकन ने डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के साथ मिलकर एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो राष्ट्रपति को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने से पहले ही रोकने का प्रयास करता है। बेकन ने एक बयान में लिखा कि सोमवार को पेश किया गया 'नो फंड्स फॉर नाटो इन्वेघ्न एक्ट' विधेयक किसी भी नाटो सदस्य देश या नाटो-संरक्षित क्षेत्र पर आक्रमण के लिए संघीय धन के उपयोग को प्रतिबंधित करेगा। सांसदों ने 80 साल पुराने नाटो गठबंधन को अमेरिका और यूरोपीय सहयोगियों के बीच शांति और सहयोग की नींव बताया और कहा कि इससे आर्थिक अवसर बढ़े हैं, सुरक्षा बेहतर हुई है और सहयोगियों के साथ शांति स्थापित हुई है। सांसदों ने एक बयान में कहा कि हमें भड़काऊ बयानबाजी बंद करनी चाहिए, अपने साझा अवसरों का लाभ उठाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन लोगों के वास्तविक खतरों का मुकाबला करना चाहिए, जो हमारे मूल्यों को साझा नहीं करते हैं। बिल कीटिग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज शाम मैंने द्विदलीय 'नो फंड्स फॉर नाटो इन्वेन एक्ट' विधेयक पेश किया, जो ट्रम्प प्रशासन को किसी भी नाटो सहयोगी के क्षेत्रों पर आक्रमण करने से रोकता है। नाटो लगभग 80 वर्षों से अमेरिका और यूरोप के बीच शांति की नींव रहा है और इसने अमेरिकियों को सुरक्षित बनाया है। हमें नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ हमारी रक्षा को मजबूत किया है। मैं अपने सहयोगियों के समर्थन की सराहना करता हूं, क्योंकि हम इस विधेयक को आगे बढ़ा रहे हैं।



### राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज बना रही है अमेरिका में दूत भेजने की योजन

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज इस हफ्ते वाशिंगटन में एक दूत भेजने की योजना बना रही हैं, क्योंकि डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन तेल से समृद्ध इस दक्षिण अमेरिकी देश में अपना दूतावास फिर से खोलने की संभावना पर विचार कर रहा है। ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ब्रिटेन में वेनेजुएला के राजदूत और पूर्व विदेश मंत्री फेलिक्स प्लासेंसिया श्रीमती रोड्रिग्ज के कहने पर वाशिंगटन में वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से मिलने की योजना बना रहे हैं।

